वर्ष : 16 | अंक : 134 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। गुरुवार, 19 मार्च 2026 । चैत्र, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर, अजमेर
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

चैत्र नवरात्रि एवं नवसंवत्सर की बधाई एवं शुभकामनाएं

पहली बार निजी कंपनी ने पिनाका की सफल टेस्टिंग की

## 24 के 24 फायर निशाने पर लगे, पोकरण में मेडन प्रुफ ट्रायल



बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** देश में पहली बार डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग की निजी कंपनी ने पिनाका एक्सटेंडेड रेंज का मेडन प्रूफ ट्रायल किया है। इस लॉन्चिंग में 24 रॉकेट दागे गए, इसमें से 24 ही सफल रहे। रॉकेटों ने सटीक निशाना और मारक क्षमता को दिखाया। ये हर मानक पर 100 फीसदी सफल साबित हुई। अब आगे इसका प्रोडक्शन बढ़ा कर सेना के लिए तैयार किया जाएगा। ये परीक्षण पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सोलर ग्रुप ने किया।

### आत्म निर्भर भारत में बड़ा कदम

सोलर ग्रुप की ओर से जारी बयान में बताया– परीक्षण के दौरान कुल 24 पिनाका एनहांस्ड रॉकेट दागे गए। इन सभी रॉकेटों ने अपने पहले से निर्धारित लक्ष्यों पर निशाना साधा। फील्ड कंडीशन में रॉकेटों की सटीकता, निरंतरता और मारक क्षमता शानदार रही। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। निजी क्षेत्र द्वारा निर्मित रॉकेटों का भारतीय सेना की कसौटी पर खरा उतरना देश की सुरक्षा तैयारियों को नई मजबूती देगा।

## राज्यों को 10% एक्स्ट्रा एलपीजी कोटा मिलेगा

### सरकार ने माना– एलपीजी किल्लत जारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ईरान–इजराइल जंग के बीच भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10% ज्यादा एलपीजी कोटा देने का ऑफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे–धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन 40% बढ़ा है लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। एलपीजी की दिक्कत अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं। वहीं कच्चे तेल–गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमी संवाद समारोह

# राज्य की विकास यात्रा में बनें भागीदार : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उद्योग और निवेश आर्थिक समृद्धि के सबसे बड़े माध्यम है तथा उद्यमी अपने व्यवसाय को बढ़ाने के साथ ही राजस्थान की अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण और निरन्तर नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे राजस्थान औद्योगिक विकास की एक नई गाथा लिख रहा है। श्री शर्मा ने उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि वे राजस्थान में निवेश के अवसरों का लाभ उठाएं, नए उद्योग स्थापित करें और राज्य के विकास की इस यात्रा में भागीदार बनें। जिससे विकसित भारत–विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति के लिए कोई कमी नहीं है और आम उपभोक्ताओं को इसके निर्बाध आपूर्ति जारी है। श्री शर्मा बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित उद्यमी संवाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इन्द्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना की थी। इसीलिए हमने चैत्र शुल्क प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में इस वर्ष 19 मार्च को यह गौरवशाली दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज हर क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छू रहा है। प्रधानमंत्री भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की ओर तेजी से कार्य कर रहे हैं एवं गरीब, युवा, महिला एवं किसान के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार भी इस संकल्प को ध्येय मानते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है।

### अनुकूल नीतियों से बदला प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य-

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के ठोस एवं दूरदर्शी निर्णयों से प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। हमने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' का सफल आयोजन किया। समिट में हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये के कार्य धरातल पर शुरू हो चुके हैं। हाल ही में, होंडा द्वारा प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए किया गया एमओयू प्रदेश में बढ़ते हुए वैश्विक विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बीकानेर, पाली, किशनगढ़, जोधपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक पार्क विकसित किए गए हैं। वहीं, अलवर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और अजमेर में नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कर भू आवंटन के लिए खोल दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली–मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट सलारपुर और बिचून में लॉजिस्टिक पार्क स्थापित किए गए हैं।

### 14 विभागों की 143 से अधिक सेवाएं एक मंच पर उपलब्ध-

**मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की निवेशपरक नीतियों के कारण राजस्थान तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। 'रिप्स 2024' के माध्यम से निवेश को बढ़ावा दिया गया है तथा भूमि उपयोग परिवर्तन की समय–सीमा 60 से घटाकर 30 दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राजनिवेश पोर्टल को राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम से जोड़कर 14 विभागों की 143 से अधिक सेवाएं एक मंच पर उपलब्ध कराई गई हैं।**

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने नव संवत्सर और राजस्थान दिवस की दी शुभकामनाएं,

### चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने से आमजन उत्साहित, प्रदेशभर में हो रहे विभिन्न आयोजन,

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्र स्थापना (19 मार्च) तथा राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख–समृद्धि की कामना की है।

श्री शर्मा ने कहा कि चैत्र नवरात्र मातृ शक्ति की आराधना का पर्व है। देवी दुर्गा के नौ रूप मातृ शक्ति की विविधता और महत्ता को दर्शाते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि तथा संयमित जीवन जीने की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर हमें नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने तथा प्रदेश और समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (नव संवत्सर) के दिन मनाने की पहल गत वर्ष की गई थी, जिसको लेकर आमजन में व्यापक उत्साह है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## खड़गे बोले- देवगौड़ा ने मोहब्बत हमसे, शादी मोदीजी से की

### राज्यसभा में पीएम हंसे; देवगौड़ा का जवाब- मेरी जबरन शादी कराई, इसलिए तलाक लेना पड़ा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी स्पीच के दौरान पूर्व पीएम और जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा का जिक्र किया। उन्होंने कहा- मुझे पता नहीं कि उन्हें (देवगौड़ा) क्या हुआ। उन्होंने मोहब्बत हमसे की, लेकिन शादी मोदीजी के साथ की। खड़गे की बात सुनकर राज्यसभा में मौजूद सभी लोग ठहाके लगाने लगे। प्रधानमंत्री मोदी भी हंसते हुए नजर आए। खड़गे की टिप्पणी पर देवगौड़ा ने देर शाम एक लेटर लिखकर जवाब दिया और बताया जब खड़गे सदन में बोल रहे थे, तब वे वहां मौजूद नहीं थे। देवगौड़ा ने आगे लिखा- अगर मैं अपने मित्र खड़गे को उसी शादी वाली भाषा में जवाब दूं, तो मैं कहना चाहूंगा कि मैं कांग्रेस के साथ जबरन शादी में था, लेकिन वह एक अपमानजनक रिश्ता था, इसलिए मुझे उनसे तलाक लेना पड़ा।

### देवगौड़ा सहित 59 सांसदों की राज्यसभा से विदाई

बुधवार को अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से रिटायर हो रहे 59 सांसदों को विदाई दी गई। इनमें पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा, शरद पवार, सभापति हरिवंश, आरपीआई नेता रामदास आठवले शामिल हैं। हालांकि पवार और आठवले राज्यसभा के लिए फिर चुन लिए गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने संसद को एक ओपन यूनिवर्सिटी बताया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता। भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। आपका अनुभव हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा बना रहेगा।

### हरिवंश ने कहा- मैं हर किसी के शब्दों से खुद को जोड़ता हूं

उपसभापति हरिवंश ने कहा कि सभापति जी आपने बोलने का मौका दिया। पीएम और सभापति जी आपने जो मेरे लिए शब्द कहे, वह मेरे जीवन का अमिट स्मृति है। मैं हर किसी के शब्दों से खुद को जोड़ता हूं। आपके आने के बाद लगातार यह प्रयास रहा कि कैसे यह संसद चले। इस सदन के सदस्य जेपी नड्डा का मर्यादित आचरण याद रहेगा।



# दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 मौतें

### इनमें 3 लड़कियां; दमकल ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया

### दो ने छलांग लगाकर जान बचाई




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10–15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं।

घटना में मारे गए 8 लोगों के शव मणिपाल अस्पताल और एक महिला का शव आईजीआई अस्पताल लाया गया था। घायलों में दो का इलाज आईजीआई अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन नाबालिग लड़कियां (15, 6 और 3 साल) शामिल हैं। अनिल (32) और 2 साल की एक बच्ची आईजीआई अस्पताल में भर्ती हैं। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सचिन (29) लगभग 25% झुलस चुके हैं।

चैत्र नवरात्री की हार्दिक शुभकामनाएं




SONU MANGAL

AGARWAL BROTHERS







Shop No. Shri Ram Vihar, jamdoli, Jaipur
Tel.: 0141-3662490 * Email: agarwalbrothersjml@gmail.com

# सांसद मेवाड़ की केंद्रीय कौशल विकास, उद्यमिता तथा शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी से भेंट

## संसदीय क्षेत्र में शिक्षा के समग्र विकास, शैक्षणिक अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** नई दिल्ली में राजसमन्द की लोकप्रिय सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी जी से शिष्टाचार भेंट की।इस महत्वपूर्ण अवसर पर राजसमंद संसदीय क्षेत्र में शिक्षा के समग्र विकास, शैक्षणिक अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक के दौरान क्षेत्र में स्कूलों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया।इसके साथ ही क्षेत्र के युवाओं के



कौशल विकास, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विस्तार तथा स्थानीय स्तर पर नए अवसरों के सृजन पर भी जोर दिया गया, ताकि राजसमन्द के युवाओं को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए सशक्त बनाया जा सके।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस दौरान राजसमन्द संसदीय क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं, चुनौतियों एवं प्राथमिकताओं से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में चल रही योजनाओं एवं भावी संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। जयंत चौधरी जी ने सभी विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए आवश्यक सहयोग एवं समन्वय का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है और राजसमन्द जैसे क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# धौलपुर में एलपीजी आपूर्ति की निगरानी तेज, अनियमितता पर कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** मध्य पूर्व में जारी संकट के चलते एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला में संभावित व्यवधान को देखते हुए जिला प्रशासन ने गैस सिलेंडरों की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सख्ती बढ़ा दी है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल द्वारा गैस एजेंसियों की लगातार जांच की जा रही है।

इसी क्रम में जांच दल ने तसीमो गैस एजेंसी के डिलीवरी वाहन को रोककर वितरण व्यवस्था की जांच की। जांच के दौरान वाहन में कैश मेमो और वेइंग स्केल नहीं पाए गए, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा सैपऊ क्षेत्र में स्थित गैस एजेंसी की भी जांच की गई।

जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि 17 मार्च को जिले की सभी गैस एजेंसियों द्वारा नियमानुसार और सुचारु रूप से लगभग 3200 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। आमजन से अपील की है कि भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और अनावश्यक बुकिंग से बचें। आवश्यकता होने पर ही गैस बुकिंग कराएं। उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# देवस्थान मंत्री ने सोमनाथ मंदिर में की महाआरती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान दिवस, 2026 के उपलक्ष्य में बुधवार को देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने पाली के सोमनाथ महादेव मंदिर में महाआरती की। उन्होंने मंदिर में महादेव के दर्शन किये और संध्याकालीन आरती की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर देवस्थान विभाग के प्रदेशभर में स्थित मंदिरों में महाआरती की जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख , जिला कलक्टर एल.एन. मंत्री , जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन , पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, मंदिर पुजारी व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नकबजनी की वारदात करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** शहर के मानसरोवर थाना क्षेत्र में हुई नकबजनी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए चोरी करने वाली गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब दो लाख रुपए का चोरी किया गया माल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना क्षेत्र के कावेरी पथ स्थित 1 नवंबर 2025 को एक मकान में देर रात चोरी की घटना सामने आई थी। जिसमें चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात, नकदी और इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया था। मामले में मानसरोवर थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की पहचान की। सबसे पहले आरोपी राजू सैनी को पकड़ा गया, जिसके पास से चोरी किए गए एयरपॉड्स बरामद हुए। इसके बाद उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों—अर्जुन सैनी, जयकुमार उर्फ जोनी और रविंद्र राज चौहान—को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया अन्य माल भी बरामद कर लिया है। फिलहाल आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

### विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी ने किया कृषि सभागार का उद्घाटन

# राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध, जन-जन तक पहुंचे योजनाएं: विधायक माहेश्वरी

## किसानों के आत्मनिर्भर बनने से ही देश का विकास संभव : विधायक माहेश्वरी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** कृषि विभाग के नवनिर्मित कृषि सभागार का उद्घाटन बुधवार को राजसमन्द विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक के आगमन पर कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित




किया कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचे, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो और वे आत्मनिर्भर बन सकें।मुख्य अतिथि विधायक माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों के आत्मनिर्भर बनने से ही प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे, ताकि कोई भी किसान वंचित न रहे।विधायक ने नवनिर्मित कृषि सभागार को किसानों के लिए ज्ञान और नवाचार का केंद्र बताते हुए कहा कि यहां आयोजित होने वाले प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और संवाद कार्यक्रम किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे इस सभागार का अधिकतम उपयोग करते हुए अपनी कृषि पद्धतियों में सुधार लाएं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें।

कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक उद्यान कल्प वर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कृषि सभागार के निर्माण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सभागार किसानों के लिए प्रशिक्षण, संवाद और नई तकनीकों के आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पारंपरिक रूप से सम्मान भी किया गया।उप निदेशक उद्यान कल्प वर्मा ने अपने संबोधन में राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल में कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने, उत्पादन बढ़ाने और आय में वृद्धि करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधि, कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से परियोजना निदेशक आत्मा संतोष कुमार दुरिया, सहायक निदेशक उद्यान प्रवीण गुप्ता, सहायक निदेशक कृषि अर्जुन जाट, शिवप्रकाश, कृषि अधिकारी रोशनलाल डांगी, सांख्यिकी अधिकारी नीरज पाटिदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही कृषि पर्यवेक्षक संगठन के पदाधिकारी एवं स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### प्रदेशवासियों को मिलेगी विशेष सौगात

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवीन बसों को दिखाएंगे हरी झंडी

**रोडवेज बेड़े में शामिल होंगी 207 नई बसें, आमजन के लिए अधिक सुगम एवं आधुनिक होगी यातायात सुविधा**

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (कासं)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक यातायात सुविधाओं की विशेष सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार (19 मार्च) को अजमेर रोड स्थित बस टर्मिनल पर राज्य पथ परिवहन निगम की नवीन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में आरएसआरटीसी की ओर से सर्विसलाइन पर ली गई 100 ब्लूलाइन एक्सप्रेस बसों, 79 स्टारलाइन बसों तथा 28 एसी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया जाएगा। इन बसों के शामिल होने से राजस्थान रोडवेज के बेड़े में कुल 207 नई बसों की वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक हर सुविधा की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक यातायात सुविधा का निरंतर विस्तार हो रहा है। इन नवीन बसों के संचालन से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के और सुदृढ़ होने के साथ ही आमजन को बेहतर यातायात सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

# पर्यटन विभाग की ओर से भव्य सांस्कृतिक संध्या का होगा आयोजन: अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन विभाग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राज्य सरकार के निर्णय अनुसार इस बार चैत्र की शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला- साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग प्रवीण गुप्ता ने बताया कि जयपुर स्थित अल्बर्ट हॉल प्रांगण में गुरुवार को शाम 7:00 बजे भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं गणमान्य जन की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस हमारी समृद्ध धरोहर और संस्कृति का उत्सव है। इस अवसर पर गुरुवार को सुर, लय ताल से सजी सांस्कृतिक संध्या में पद्मअनवर खां मांगणियार एवं दल तथा पद्मतगाराम भील एवं दल द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

भव्य सांस्कृतिक संध्या में घूमर, कालबेलिया, चरी, कच्छी घोड़ी, भवाई, तीन ढोल, गैर, चंग ढप, कथक एवं अन्यकलाओं का शानदार प्रदर्शन होगा। 100 से अधिक लोक कलाकारों और कथक नर्तकों के साथ सुसज्जित एवं रंगारंग नृत्य और संगीत प्रस्तुति (लोक छंद सांस्कृतिक इकाई, दिल्ली द्वारा संयोजित) का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति एवं कथक नृत्य एवं आकर्षक कोरियोग्राफी की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव गुप्ता ने बताया कि राजस्थान दिवस के अवसर पर कला साहित्य संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की ओर से भी विभिन्न अकादमियों जवाहर कला केंद्र और रविंद्र मंच की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जयपुर सहित प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की उपसचिव एवं जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह, 2026 के अन्तर्गत जवाहर कला केन्द्र द्वारा केन्द्र के कृष्णायन सभागार में प्रातः 8 बजे से मॉर्निंग रागा की प्रस्तुति दी जायेगी जिसके अन्तर्गत अजमेर के पं आनन्द वैद्य एवं समूह की शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति आयोजित की जायेगी। जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता अन्तर्गत रंगायन सभागार में दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के मध्य राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी द्वारा अरू पोद्दार संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ब्रजभाषा कवि एवं साहित्यकार सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया जायेगा जिसमें ब्रज काव्य पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फूलों की होली की प्रस्तुति होगी।

### राजस्थान दिवस2026

# नाहरगढ़ दुर्ग पर राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान दिवस — 2026 के अवसर पर 15 मार्च से 19 मार्च तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृखंला में बुधवार को संरक्षित स्मारक नाहरगढ़ दुर्ग पर राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर की छात्राओं द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्मारक भ्रमण हेतु आने वाले भारतीय एवं विदेशी पर्यटकों द्वारा भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। इसके अतिरिक्त नाहरगढ़ दुर्ग प्रशासन द्वारा राजस्थान के निर्माण एवं एकीकरण से संबंधित विभिन्न चरणों को स्टेण्डी पर प्रदर्शित किया गया एवं इससे संबंधित ऐतिहासिक जानकारी के ब्रोशर वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम में नाहरगढ़ दुर्ग अधीक्षक सोहनलाल चौधरी एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जयपुर की प्रिंसिपल एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### आरएएस/आरटीएस संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024

# मुख्य परीक्षा परिणाम के क्रम में उत्तीर्ण 30 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन भरना होगा विस्तृत आवेदन-पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** आर.ए.एस/आर.टी.एस. संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 के दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को घोषित मुख्य परीक्षा परिणाम के क्रम में 26 दिसंबर 2025 तथा 18 मार्च 2026 को जारी किए गए परिणाम में उत्तीर्ण 30 अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाइन भरने होंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना एवं आवश्यक दिशा-निर्देश आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाइन भरने का लिंक 19 से 23 मार्च 2026 (रात्रि 11.59 बजे तक) उपलब्ध रहेगा। इसके पश्चात् कोई अवसर देय नहीं होगा। आयोग सचिव ने बताया कि विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के उपरांत ही साक्षात्कार में प्रवेश दिया जायेगा। अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरने के संबंध में जारी किए दिशा-निर्देशों की पालना करना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें।

संबंधित अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल में मॉय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत डिटेल्ड फार्म कम स्क्रूटनी लिंक को क्लिक कर विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम अनिवार्य रूप से ऑनलाइन भरें। आयोग द्वारा ऑफलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

# अपात्र अभ्यर्थियों के विरुद्ध 29 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा-2024 के क्रम में विभिन्न आरक्षित वर्गों में अपात्र पाए गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध 29 नए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए पूर्णतः अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है। इन अभ्यर्थियों में विभागीय कर्मचारी, उत्कृष्ट खिलाड़ी, भूतपूर्व सैनिक और विशेष योग्यजन वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हैं।

सफल घोषित किए गए इन अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे दिनांक 19 से 23 मार्च 2026 की रात्रि 11:59 बजे तक अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से भर दें। इसके साथ ही, विशेष योग्यजन वर्ग के अभ्यर्थियों को मेडिकल परीक्षण के लिए अजमेर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में उपस्थित होना होगा। आयोग सचिव ने बताया कि यह परिणाम पूरी तरह प्रोविजनल है और यदि कोई भी अभ्यर्थी विज्ञापन की निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करता है, तो किसी भी स्तर पर उसकी पात्रता निरस्त की जा सकती है।

### जल संसाधन मंत्री ने की प्रदेश व जिले की खुशहाली की कामना

# राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में पुष्कर स्थित ब्रह्मा मंदिर में महाआरती का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं में दिखा अपार उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर राजस्थान दिवस समारोह की साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार सायंकाल अजमेर जिले के पुष्कर स्थित विश्वविख्यात ब्रह्मा मंदिर में जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य एवं श्रद्धामय महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें जल संसाधन एवं आयोजना मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मुख्य अतिथि के रूप



में उपस्थित होकर विधिवत पूजा-अर्चना कर ब्रह्मा भगवान की आरती की तथा प्रदेश एवं जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं की विशाल संख्या के बीच महाआरती संपन्न हुई। आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्ति भाव, आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह से ओत-प्रोत हो उठा। महाआरती का संचालन लक्ष्मी निवास वशिष्ठ, कृष्ण गोपाल वशिष्ठ एवं वैभव वशिष्ठ सहित अन्य पुरोहितों द्वारा विधि-विधानपूर्वक किया गया।

इस अवसर पर मंत्री रावत ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान दिवस हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है तथा ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए सामाजिक समरसता एवं भाईचारे को सुदृढ़ बनाते हैं। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार विकास के साथ सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री रावत ने संत-महात्माओं का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग के अधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### पीएचईडी मंत्री ने अजमेर में ली समीक्षा बैठक

# गर्मी में पेयजल की कोई कमी न आए- कन्हैया लाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( कासं )।** अजमेर एवं ब्यावर जिले में आगामी गर्मी के सीजन में पेयजल की कोई कमी नहीं रहे, इसे सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल ने बुधवार को अजमेर जिला मुख्यालय पर सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर प्रगतिरत परियोजनाओं की समीक्षा की तथा इनके पूर्ण होने तक की वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारियों पर चर्चा की।



कन्हैयालाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ग्रीष्म ऋतु में प्रत्येक व्यक्ति तक पेयजल पहुंचाने के लिए संवेदनशील है। इसके लिए पेयजल तंत्र के मरम्मत, अतिरिक्त ट्यूबवेल, टेंकर सप्लाई आदि कार्यों के लिए 200 करोड़ की राशि के कार्यादेश किए गए है। प्रत्येक जिला कलक्टर को आपात पेयजल व्यवस्था के लिए एक करोड़ रूपये तथा जल जीवन मिशन में मरम्मत के लिए 25 लाख रूपये खर्च करने की शक्ति दी है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन-मिशन 2.0 में मंगलवार को जल शक्ति मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के मध्य हुए एमओयू के लिए हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के आभारी हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व में जल स्त्रोत विकसित किए बिना केवल कनेक्शन देने का कार्य किया। इस कारण मांग एवं आपूर्ति के मध्य का अंतर बढ़ गया। अब सरकार पहले जल स्त्रोत विकसित कर जल प्रणाली तैयार कर रही है। इससे प्राप्त जल के भण्डारण तथा फिल्टर की व्यवस्था करने के उपरांत ही कनेक्शन दिए जाएंगे। अजमेर शहर के लिए बनी जल प्रदाय योजना की अवधि पूर्ण हो चुकी थी। नई योजना के लिए कोई कार्य नहीं किया गया । अब सरकार ने बीसलपुर में इण्टेक वेल पर कार्य आरम्भ कर दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने बड़ी परियोजनाओं के लिए एक हजार करोड़ से अधिक के कार्य आरम्भ कर दिए है। इसी प्रकार सिंचाई विभाग द्वारा 165 करोड़ से अधिक के कार्यादेश जारी किए गए हैं। अजमेर शहर की पेयजल आपूर्ति 48 घंटे में सुनिश्चित करने के लिए लगभग 400 करोड़ की अतिरिक्त राशि उपलब्ध करवाई गई है। इसके कार्यादेश 15 अप्रेल तक जारी होंगे। पेयजल आपूर्ति में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध कनेक्शन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बिठुर गांव में अवैध कनेक्शन करने वालों पर कठोर कार्रवाई के लिए अजमेर पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात की। समस्त थानाधिकारियों को अवैध कनेक्शन करने वालों पर एक्शन लेने के निर्देश दिए झ उन्होंने कहा कि अधिकारी लगातार क्षेत्र में रहें। जन प्रतिनिधियों तथा आमजन के फोन करने पर तत्काल समाधान होना चाहिए। सभी अधिकारी सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरांत ही मुख्यालय छोड़ेंगे। रूपनगढ़ और मसूदा में अंतिम सिरे तक भी पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिले में क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप अधिशाषी अभियंता क्षेत्रों का पुनः निर्धारण करने के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। क्षेत्र के समस्त हैण्डपम्प कार्यशील होने चाहिए। टैंकर सप्लाई के लिए पाक्षिक आधार पर बिल पास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त पेयजल का समान अनुपात में वितरण सुनिश्चित करें। प्रत्येक बसावट तक बराबर पानी पहुंचे। आगामी 15 दिवस में व्यवस्था में सुधार नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। संसाधन पर्याप्त हैं, अधीक्षण अभियंता के रिक्त पद को भी तत्काल भरा जाएगा।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने सुझाव दिया कि रूपनगढ़ क्षेत्र की जल जीवन मिशन से वंचित बसावटों में भी पेयजल आपूर्ति होनी चाहिए। पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का अंतराल अधिक है। इसके कम किए जाने की आवश्यकता है। पुष्कर में भी पेयजल आपूर्ति नियमित हो।

विधायक रामस्वरूप लांबा ने ब्रिक्चियावास, लामाना, अंसली, भीमपुरा, तीतरड़ी तथा रामपुरा में सुचारू पेयजल सप्लाई करने के लिए कहा। इसी प्रकार विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत ने माइला, झाक, कानाखेड़ा, अंधेरी देवरी क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति करने की बात कही।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजमेर रामचन्द्र राड़, परियोजना गोपेश गर्ग, अधीक्षण अभियंता परियोजना अजमेर राजीव कुमार, ब्यावर श्रवण सिंह खीड़िया एवं ग्रामीण अजमेर नरेन्द्र कुमार ?रण सहित जलदाय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इफ्तार की आड़ में सियासी ताकत दिखाने की कोशिश? जलूपुरा कार्यक्रम पर उठे सवाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( कासं )।** जलूपुरा, में आयोजित रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम अब सियासी बहस का मुद्दा बन गया है। एआईएमएम के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबू भाई फ्रिजवाले द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर विपहलकों में सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह धार्मिक आयोजन था या फिर राजनीतिक ताकत दिखाने का मंच? कार्यक्रम में एआईएमएम राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष जमील अहमद खान और प्रदेश उपाध्यक्ष लुकमान खान मल्कान की मौजूदगी ने इसे पूरी तरह राजनीतिक रंग दे दिया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ को लेकर भी चर्चा है कि इसे पार्टी के बढ़ते जनाधार के रूप में पेश करने की कोशिश की जा रही है। आलोचकों का कहना है कि इफ्तार जैसे धार्मिक कार्यक्रमों को राजनीतिक मंच में बदलना समाज में विभाजन पैदा कर सकता है। वहीं कुछ स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऐसे आयोजनों के जरिए आम जनता की समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि एआईएमएम नेताओं ने इसे सामाजिक एकता और भाईचारे का कार्यक्रम बताया, लेकिन राजनीतिक जानकारों की मानें तो यह आयोजन साफ तौर पर आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए किया गया शक्ति प्रदर्शन नजर आता है। जलूपुरा का यह इफ्तार कार्यक्रम अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सियासी रणनीति और दिखावे की राजनीति का उदाहरण बनकर चर्चा में है।

## नवोदय रिजल्ट में सीकर जिले में प्रथम रैंक 5 छात्रों का चयन, दिवांशु बना टॉपर

# रींगस की वंश फ्यूचर सक्सेस एकेडमी का जलवा



बढ़ता राजस्थान

**रींगस।** कस्बे के विशाल सिटी वार्ड नंबर 25 स्थित वंश फ्यूचर सक्सेस एकेडमी के होनहार विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल की है। संस्था निदेशक महेंद्र सिंह घोंसल्या ने बताया 17 मार्च 2026 को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में एकेडमी के 5 विद्यार्थियों का प्रथम वरीयता सूची में चयन हुआ है। यह परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को आयोजित हुई थी, जिसका परिणाम मंगलवार को जारी किया गया है। परिणामों में दिवांशु पुत्र दौलत राम ने 98.75% अंक प्राप्त कर सीकर जिले मे प्रथम रैंक हासिल किया, जो एकेडमी के लिए गौरव का विषय है। इसके अलावा गुरुवीत स्वामी ने 95%, अंकलेश ने 93.75%, जबकि राजकुमार भावरिया और मोहितराज ने 92.50% अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया इन सभी विद्यार्थियों ने न केवल अपने माता-पिता, बल्कि वंश फ्यूचर सक्सेस एकेडमी और शिक्षा नगरी रींगस का नाम भी गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर संयोजक सुभिता देवी ने सभी चयनित विद्यार्थियों का मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सुरेश कुमार बिजारनिया, विजय कुमार सैनी, बजरंग लाल रुंडला और अशोक कुमार घोंसल्या सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 29 घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडर सहित उपकरण जब्त, आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर की प्रक्रिया शुरू

# जयपुर में गैस अवैध रिफिलिंग व कालाबाजारी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर शहर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गैस की अवैध रिफिलिंग एवं कालाबाजारी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।



मुख्य सचिव तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के अवैध संग्रहण, ऊँचे दामों पर कालाबाजारी तथा अवैध रिफिलिंग पर रोक लगाने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा तीन विशेष प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

उक्त कार्रवाई के दौरान कुल 29 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 बांसुरी तथा 2 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए गए।

गठित विशेष प्रवर्तन दलों में विशेष प्रवर्तन दल 'ए' में सुकविता शर्मा (प्रवर्तन अधिकारी) एवं सुनीता चौधरी (प्रवर्तन निरीक्षक), विशेष प्रवर्तन दल 'बी' में पूजा शर्मा एवं विजयलक्ष्मी शर्मा (प्रवर्तन अधिकारी) तथा विशेष प्रवर्तन दल 'सी' में निर्मला चौधरी (प्रवर्तन अधिकारी) एवं प्रिया गंगवानी (प्रवर्तन निरीक्षक) शामिल हैं। इन दलों द्वारा जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया।

इस दौरान पुलिस थाना प्रताप नगर से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रताप नगर क्षेत्र में की गई कार्रवाई में अवैध गैस रिफिलिंग की पुष्टि होने पर मौके से 15 घरेलू व 1— 1 व्यावसायिक गैस सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, बांसुरी तथा रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए गए। इसी प्रकार पुलिस थाना भांकरोटा की सूचना पर भांकरोटा क्षेत्र में की गई कार्रवाई में 14 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 1 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किया गया।

इस अवैध गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अवैध गैस रिफिलिंग के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'ऑपरेशन प्रवर्तन: सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर' अभियान पूर्व से ही जारी है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध गैस रिफिलिंग, भंडारण या कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जयपुर शहर के नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गैस रिफिलिंग सेंटर, अवैध वितरण, भंडारण या कालाबाजारी की सूचना तुरंत विभाग को दें ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### मधुमास

धरा धीरज धरती सहती
सब भार
नील गगन की छत्रछाया
देता ठंडी फुहार
कुदरत ने अनगिनत रंग
बरसाए
प्रकृति ने सजाई अपनी
राहे
जब मौसम ने ली
अंगड़ाई
हवाओं ने फैलाई
फिजाओं में खुशबू

खिली फूलों की कली
कली
भँवरो ने गाए गीत सुहाने
वृक्षों पर पनपी कोपल
गूंजी किलकारी नन्ही
चिरैया की
खेत खलिहानों ने ओढ़ी
चुनर लाज की
मन को थी जिसकी
आस
लो आज धरा पर
मुस्काया बसंत मधुमास।

**अंजू अग्रवाल सीकर**

## श्री राम कथा से पूर्व नगर के मुख्य मार्गों से निकली भव्य विशाल कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**चौमू ( दिनेश कुमार कुमावत )।** आज गुरुवार से प्रारंभ होने वाली श्रीराम कथा रस माधुरी के उपलक्ष में बुधवार को नगर की सैकड़ो महिलाओं ने मांगलिक वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व मंगल कलशों एवं रामचरितमानस का विधि पूर्वक पूजन किया गया जिसे पंडित रामस्वरूप शर्मा के नेतृत्व में पंडितों ने वीर हनुमान धाम के श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य अवध बिहारी देवाचार्य महाराज के कर कमलों से संपन्न कराया। तत्पश्चात रामचरितमानस ग्रंथ को भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कथा व्यास पंडित महेश शर्मा हवेली वाले के साथ सिर पर धारण कर सम्मानपूर्वक नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया। कलश यात्रा गढ़ परिसर से प्रारंभ हुई जो बस स्टैंड, लक्ष्मीनाथ चौक, चौपड़ होते हुए कथा स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। कलश यात्रा में रथ पर विराजमान अवध बिहारी देवाचार्य महाराज का आशीर्वाद संपूर्ण नगर भ्रमण के दौरान रहा। कथा स्थल अग्रवाल धर्मशाला में जाकर यह यात्रा पूर्ण हुई। यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ चौमूं क्षेत्र के कारसेवक और उनके परिजन भी उपस्थित थे। यात्रा में आगे की पंक्ति में कथा यजमान सत्यनारायण यज्ञदत्त सर्राफ परिवार सहित चल रहे थे। यात्रा संपूर्ण होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कलश यात्रा मार्ग में व्यापार मंडलों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारियों, दुकानदारो, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## राजनौता में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की बैठक, नई कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम राजनौता स्थित संतोषी माता मंदिर में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियों का वितरण करते हुए खुशी शेखावत को दुर्गावाहिनी सह संयोजिका, लक्ष्मण सिंह को गौरक्षा प्रमुख, सचिन सिंह को प्रचार प्रमुख, विनोद सिंह को मिलन प्रमुख, योगेन्द्र सिंह को सुरक्षा प्रमुख तथा प्रदीप सिंह को सह सुरक्षा प्रमुख (सभी राजनौता) नियुक्त किया गया।

इसके अलावा लीलाराम को भाबरू सुरक्षा प्रमुख, सोनू को सह सुरक्षा प्रमुख भाबरू तथा मनोज सिसोदिया को पावटा मिलन प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए समाज सेवा और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

## महिलाओं के गले से चेन और लॉकेट तोड़ने वाली सात महिलाएं गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धार्मिक आयोजनों और कलश यात्राओं में महिलाओं को निशाना बनाने वाली अंतरराज्यीय महिला गैंग का पर्दाफाश कर सात आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से सोने के लॉकेट और टूटी हुई चेन बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में नीलम उर्फ नितिका, विधा उर्फ शकुंतला, रानी उर्फ बछिला, बिजली, निशा, चित्रा और संजोता शामिल हैं। ये सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी, आगरा तथा मध्यप्रदेश के ग्वालियर क्षेत्र की रहने वाली हैं। इनके खिलाफ राजस्थान सहित अन्य राज्यों में चोरी और स्नैचिंग के कई प्रकरण दर्ज हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि 15 सितंबर को केएल सैनी स्टेडियम से निकली कलश यात्रा में चेन तोड़ने वाली यह गैंग दोबारा मानसरोवर क्षेत्र में सक्रिय हो गई है और वीटी रोड पर आयोजित धार्मिक कथा के दौरान वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस पर जयपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दबिश देकर सातों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सामने आया कि यह गैंग धार्मिक कार्यक्रमों और कलश यात्राओं में उमड़ने वाली भीड़ का फायदा उठाती थी। आरोपी महिलाएं श्रद्धालु बनकर भीड़ में शामिल हो जाती थीं और मौका मिलते ही महिलाओं के गले से चेन या मंगलसूत्र तोड़कर फरार हो जाती थीं।

## नवरात्रा मेले के दौरान आमेर रोड पर रहेगा यातायात डायवर्जन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में 19 से 26 मार्च तक शिला देवी मंदिर, आमेर में आयोजित होने वाले नवरात्रा मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए यातायात व्यवस्था में विशेष बदलाव किए जाएंगे।

जयपुर यातायात पुलिस के अनुसार मेले के दौरान आवश्यकता पड़ने पर आमेर रोड पर सामान्य यातायात को डायवर्ट किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन मिल सके और जाम की स्थिति से बचा जा सके।

यातायात व्यवस्था के तहत जयपुर शहर से आमेर होते हुए दिल्ली रोड की ओर जाने वाले वाहनों को रामगढ़ मोड़ से डायवर्ट कर धोबीघाट, बंध की घाटी और सड़वा मोड़ होकर निकाला जाएगा। वहीं दिल्ली रोड से आमेर होते हुए जयपुर शहर आने वाले यातायात को आमेर तिराहा से सड़वा मोड़, बंध की घाटी और धोबी घाट के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा।

इसके अलावा रामगढ़ मोड़ से आमेर की ओर जाने वाली बसों व मिनी बसों को भी आवश्यकतानुसार धोबी घाट होते हुए दिल्ली बाईपास के जरिए आमेर भेजा जाएगा। इसी तरह आमेर से रामगढ़ मोड़ की ओर आने वाली बसों को आमेर तिराहा से डायवर्ट कर धोबी घाट के रास्ते निकाला जाएगा।


## शिव महापुराण कथा को यातायात पुलिस ने किया ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**जयपुर ( कासं )।** जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र में 20 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा को लेकर यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की है। कथा का आयोजन वीटी रोड स्थित मेला ग्राउंड में प्रस्तावित है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यातायात पुलिस के अनुसार आयोजन के दौरान वीटी रोड, शिप्रापथ, मध्यम मार्ग और अरावली मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने की स्थिति में आवश्यकतानुसार डायवर्जन किया जाएगा।

## एनएच-48 स्थित होटल से श्रमिक लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर बाबड़ी स्थित एक होटल में कार्यरत श्रमिक के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है, जिससे परिजनों में चिंता का माहौल है। इस संबंध में प्रागपुरा थाने में शिकायत दर्ज कर युवक की तलाश की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार बागावास बनीपार्क निवासी ओमप्रकाश पुत्र प्रभात बलाई ने बताया कि उनका भाई सोणाराम (41) पिछले 2-3 वर्षों से बाबड़ी स्थित 'पावटा-शाहपुरा' होटल में काम कर रहा था। 3 मार्च 2026 को वह बिना किसी सूचना के होटल से कहीं चला गया और तब से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। इससे परिवार में बेचैनी और चिंता बनी हुई है। लापता सोणाराम का हुलिया गेहुँआ रंग, मध्यम कद-काठी और करीब 5.5 फीट लंबाई बताया गया है। घटना के समय वह नीले रंग का पजामा, काले चौखाने की शर्ट और काले जूते पहने हुए था। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द युवक का पता लगाकर उसे सकुशल घर पहुंचाया जाए। पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।



## राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर आस्था, परंपरा एवं संस्कृति का अनूठा संगम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को गोविंददेव जी की महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत मंत्रोच्चार के मध्य सपत्नीक आरती एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए कामना की।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं का आत्मीयता के साथ अभिवादन किया। इस दौरान गोविंददेव जी मंदिर के महंत ने दुपट्टा ओढ़ाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आस्था, परंपरा एवं संस्कृति के इस अनूठे संगम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधायकगण गोपाल शर्मा व बालमुकुंदाचार्य, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गत वर्ष से राजस्थान दिवस विदेशी ग्रेगेरियन कलैण्डर के स्थान पर भारतीय पंचाग की तिथि नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने का निर्णय किया गया। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष भी प्रदेशभर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के साथ भव्य रूप में राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर देवस्थान विभाग द्वारा विशेष आयोजनों के तहत प्रदेश के सभी राजकीय मंदिरों में सजावट, दीप प्रज्ज्वलन, विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया है।


## कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिलोंद (खण्ड कामा) राज.

क्रमांक: 21 दिनांक:- 18/03/26

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के भण्डार में उपलब्ध नकारा/अनुपयोगी सामान जिसका पुस्तक मूल्य रूपये 152376/- रूपये है, की नीलामी दिनांक 26/03/26 को प्रात: 11:00 बजे गठित नीलामी कमेटी के माध्यम से इस कार्यालय परिसर में की जावेगी। इच्छुक बोलीदाता राशि रूपये 500/- की धरोहर राशि इस कार्यालय के कैशियर को जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते हैं। नकारा सामान की सूची एवं विस्तृत शर्तें इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है।

**(डा0 प्रियंका मीना)**
**चिकित्सा अधिकारी प्रभारी**
**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिलोंद कामां (जिला-डीग) राज.**

## सम्पादकीय

# विदेश से निवेश लाने में सक्रिय प्रदेश

निवेश प्रोत्साहन, सांस्कृतिक कूटनीति एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से पैराडिप्लोमेसी आर्थिक वृद्धि, क्षेत्रीय विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में अहम योगदान दे रही है।

राज्यों में आर्थिक विकास को लेकर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत बनकर उभरी है। पहले यह होड़ मुख्य रूप से पश्चिमी एवं दक्षिणी राज्यों में ही दिखती थी, लेकिन एक समय बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश भी अब इस मुकाबले में मजबूती से उभरा है। बीते दिनों विश्व आर्थिक मंच के दावोस सम्मेलन में निवेशकों के समक्ष कई राज्यों के प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचे। इनमें एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश का भी था।

इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना कर रहे थे। दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस राज्य को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना था। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता यही रेखांकित करती है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में निवेश की बयार को तेज करने के लिए कोई कोर-कसर शेष नहीं छोड़ी जा रही है।

इस संदर्भ में बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर और जापान यात्रा उल्लेखनीय रही और अब उसके कुछ अनुकूल परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इन दौरों से राज्य में निवेश अनुबंधों, औद्योगिक साझेदारियों और सांस्कृतिक संवर्धन की नई राहें खुल रही हैं। इस दौरान सिंगापुर और जापान की कंपनियों के साथ करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर बात आगे बढ़ी है। अगर अन्य विदेशी निवेश प्रस्तावों को जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये तक जाता है। इन प्रयासों से प्रदेश के एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की आर्थिकी बनने के लक्ष्य पूर्ति में मदद मिलेगी।

वाहन, इलेक्ट्रानिक्स, लाजिस्टिक्स, हरित ऊर्जा, कृषि मशीनरी, फिनटेक और अत्याधुनिक विनिर्माण के क्षेत्र में जापानी कंपनियों की महारत किसी से छिपी नहीं है। ऐसी कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने में रुचि दिखाई है। इस क्रम में विशेष रूप से क्युबोटा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री और नागाजी एंड कंपनीज प्रदेश के औद्योगिक विकास और तकनीकी हस्तांतरण के लिए आगे आई हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्लस्टर्स, लाजिस्टिक्स पार्क, डाटा सेंटर और विनिर्माण इकाइयां भी आकार लेती दिखेंगी। औद्योगिक परियोजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्तर भी गति और तेज होगी। चूंकि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए उस दिशा में भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इस सिलसिले में सिंगापुर के सहयोग से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट एक अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर बात आगे बढ़ी है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक लाजिस्टिक्स पार्क तैयार किया जाएगा। नोएडा के आसपास एक हाइपरस्केल डाटा सेंटर बनाने की भी तैयारी है। इन सभी परियोजनाओं से प्रदेश के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार के साथ ही रोजगार सृजन का दायरा भी बढ़ेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एक डेडिकेटेड 'जापान सिटी' का प्रस्ताव भी राज्य में जापानी निवेश को एक छत्र प्रदान कर राज्य की प्रगति में अहम योगदान देगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को औद्योगिक स्वरूप देने के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। राज्य सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे दुनिया उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरी से परिचित हो रही है।

वैसे तो विदेश नीति मूल रूप से राष्ट्रीय महत्व का विषय होता है और केंद्र या संघ की सरकारें ही उसका संचालन सभालती हैं, लेकिन पैराडिप्लोमेसी यानी उपराष्ट्रीयता से ओतप्रोत कूटनीति के अंतर्गत प्रांतीय-प्रादेशिक सरकारें भी अपनी प्रगति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता दिखाती हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 19 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- 1972 – भारत और बांग्लादेश के बीच में मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किया।
- 1982 – ब्रिटेन एवं बेटिकन में 400 वर्षों के अंतराल के बाद राजनयिक संबंध स्थापित।
- 1996 – बोस्निया हर्जेगोविना की राजधानी सरायेवो का पुनः एकीकरण।
- 1999 – यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष जैकस सांटर का अपने पद से इस्तीफ़ा।
- 2001 – तालिबान द्वारा 100 गायों की बलि, ब्रिटेन के उच्च सदन ने संगीतकार नदीम के प्रत्यर्पण का प्रस्ताव ठुकराया।
- 2004 – अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में पहली बार चीन पर मुकदमा ठोका।
- 2005 – पाकिस्तान ने शाहीन-।। प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
- 2007 – पाकिस्तान की मुख्तारन माई को यूरोपीय परिषद का मानवाधिकार सम्मान प्रदान किया गया।
- 2008 – डोनकुपर रॉय ने मेघालय के नये मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने सबरजीत की फांसी 30 अप्रैल, 2008 तक रोकी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार पर बने नये मसौदे को भारत सहित अधिकतर देशों ने खारिज किया।
- 2009 – डालर के मुक़ाबले में रुपया 93 पैसे की लम्बी छलांग लगाकर तीन सप्ताह के उच्चतर स्तर पर पहुँचा।

### 19 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1911 – अगरचन्द नाहटा, जैन साहित्य के विशेषज्ञ तथा अनुसन्धानपूर्ण लेखक थे।
- 1943 – योगेश (गीतकार) – प्रसिद्ध भारतीय गीतकार और लेखक थे।
- 1954 – इंदु शाहानी, भारतीय शिक्षाविद।
- 1955 – दोरजी खांडू – अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे।
- 1953 – माधुरी बड़थ्वाल – उत्तराखंड के लोक संगीत से जुड़ी प्रसिद्ध लोक गायिका हैं।
- 1984 – तनुश्री दत्ता, भारतीय अभिनेत्री।
- 1884 – नारायण भास्कर खरे – मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मख्यमंत्री।
- 1876 – जॉन मार्शल – 1902 से 1928 तक भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक थे।
- 1939– जगदीप – हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध हास्य कलाकार।

### 19 मार्च को हुए निधन

- 1890 – पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी – स्वामी दयानन्द सरस्वती के शिष्य तथा आर्य समाज के पाँच प्रमुख नेताओं में से एक।
- 1978 – एम. ए. अय्यंगार, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष।
- 1982 – जे. बी. कृपलानी – प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ।

## विशेष आलेख

# युद्ध की आड़ में नरसंहार: अफगानिस्तान पर हमले का सच।



–सुनील कुमार महला

**वास्तव में, अस्पताल वह स्थान होता है जहां जीवन बचाया जाता है, न कि छीन लिया जाता है। वहां मौजूद डॉक्टर, मरीज, उनके परिजन और कर्मचारी किसी युद्ध का हिस्सा नहीं थे, इसलिए यह पूरी तरह से एक अमानवीय कृत्य ही कहा जा सकता है।**

हाल ही में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच 16 मार्च 2026, सोमवार रात को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमला कर एक नया विवाद और टकराव का मोर्चा खोल दिया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह हमला मानवता पर एक बेहद क्रूर वार के रूप में देखा जा रहा है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। मीडिया में आई खबरों से पता चला है कि काबुल के एक नशामुक्ति केंद्र पर हुए इस हमले में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि 250 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह हमला एक बड़े अस्पताल पर किया गया, जिसमें लगभग 2000 बिस्तरों की सुविधा थी और उस समय 1000 से अधिक मरीज वहां इलाज करा रहे थे। हमला रात करीब 9 बजे हुआ, जब अधिकतर मरीज सो चुके थे या सोने की तैयारी में थे। इस हमले में मारे गए लोगों में ज्यादातर मरीज और नशामुक्ति केंद्र के कर्मचारी शामिल थे। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि यह इंसानियत पर सीधा हमला है। वास्तव में, अस्पताल वह स्थान होता है जहां जीवन बचाया जाता है, न कि छीन लिया जाता है। वहां मौजूद डॉक्टर, मरीज, उनके परिजन और कर्मचारी किसी युद्ध का हिस्सा नहीं थे, इसलिए यह पूरी तरह से एक अमानवीय कृत्य ही कहा जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के अनुसार अस्पतालों और नागरिक ठिकानों पर हमला करना युद्ध अपराध माना जाता है। जिनेवा कन्वेंशन भी स्पष्ट रूप से यह कहता है कि जीवन रक्षक ढांचों (अस्पताल) और मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे हमले न केवल कानूनी रूप से गलत हैं, बल्कि नैतिक रूप से भी पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 2022 के बाद से यूक्रेन में ही विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं पर 2881 हमले हो चुके हैं। यह स्थिति बताती है कि दुनिया में अब न तो नियमों का डर रह गया है और न ही नैतिकता की चिंता। पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट में केवल अस्पताल ही नहीं, बल्कि पानी और तेल के ठिकानों को भी लगातार निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में पानी, तेल और गैस की कमी विश्व के विभिन्न देशों में लगातार महसूस भी की जा रही है। वास्तव में यह हमला पाकिस्तान की दोगली नीति को उजागर करता है-एक ओर वह शांति की बात करता है और दूसरी ओर हिंसा।पाठक जानते हैं कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा है और अपनी आंतरिक समस्याओं को छिपाने के लिए सीमापार हिंसा का सहारा लेता है।

हाल फिलहाल, हमारे देश भारत ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे नरसंहार बताया है। वास्तव में पाकिस्तान का काबुल में हमला, अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला ही कहा जा सकता है। पाकिस्तान के काबुल में इस हमले के बाद अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय से लगातार यह मांग की जा रही है कि पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराया जाए और उस पर कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाए जाएं। लेकिन यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि संयुक्त राष्ट्र और कई शक्तिशाली देश ऐसे मामलों में अक्सर चुप रहते हैं। यहां सवाल यह उठता है कि क्या उन्हें एकजुट होकर ऐसे हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? सच तो यह है कि केवल निंदा से काम नहीं चलेगा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ठोस व सख्त से सख्त कदम उठाने होंगे।इसी बीच, पाकिस्तान का यह दावा है कि उसने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन यह दावा संदेह के घेरे में है और इसे अपनी गलती छिपाने की कोशिश माना जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि यह पहली घटना नहीं है। पाठकों को बताता चलूं कि पिछले वर्ष भी पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष के दौरान हिंसा हुई थी। इतना ही नहीं, दुनिया के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की अनेक घटनाएं सामने आई हैं। गौरतलब है कि दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर हमले में 12 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हुई थी। लेबनान के अनुसार, इस संघर्ष में अब तक 37 चिकित्सा केंद्रों पर हमले हो चुके हैं और 31 स्वास्थ्यकर्मी मारे गए हैं। वास्तव में यह स्थिति मानवीय संकट की गंभीरता को दर्शाती है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहे गहरे प्रभाव को उजागर करती है। इसी तरह ईरान पर हमले के दौरान एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से लगभग 170 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकतर बच्चे थे।

इन घटनाओं से स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का प्रभाव आज लगातार कम होता जा रहा है और दुनिया में ताकत ही सबसे बड़ा आधार बनती जा रही है। इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय मिलकर निष्पक्ष जांच करे और दोषियों को सजा दिलाए। इस हमले के बाद अफगानिस्तान में गहरा आक्रोश है और तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान के साथ बातचीत बंद करने की घोषणा कर दी है, जिससे संकेत मिलता है कि आगे और तनाव बढ़ सकता है। सैन्य दृष्टि से देखा जाए तो पाकिस्तान के पास मजबूत वायु सेना है, जबकि अफगानिस्तान अपेक्षाकृत कमजोर है। अफगानिस्तान के पास मिसाइलें तो हैं, लेकिन लड़ाकू विमान नहीं हैं। यह स्थिति दिखाती है कि किसी भी देश के लिए अपनी रक्षा व्यवस्था मजबूत रखना कितना जरूरी है, क्योंकि युद्ध केवल इरादों से नहीं, बल्कि तैयारी से लड़े जाते हैं। दोनों देशों (पाकिस्तान-अफगानिस्तान) के बीच तनाव नया नहीं है। 27 फरवरी को भी पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के 22 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इन घटनाओं के बाद दोनों पक्षों में लगातार हिंसा जारी है। सीमा विवाद और आतंकियों की आवाजाही भी तनाव का बड़ा कारण है। चीन, जो दोनों देशों से संबंध रखता है, ने 12 मार्च को संयम बरतने की अपील की थी, लेकिन इसका असर दिखाई नहीं दिया। अब फिर से शांति की अपील की जा रही है, लेकिन हालात को देखते हुए तनाव कम होता नहीं दिख रहा।

भारत के विदेश मंत्रालय ने इस हमले को बर्बर और अमानवीय बताया है और पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह नरसंहार को सैन्य कार्रवाई का रूप देने की कोशिश कर रहा है। सच यही है कि कोई भी धर्म, कानून या नैतिकता अस्पतालों और मासूम लोगों पर हमले को सही नहीं ठहरा सकती। विडंबना यह भी है कि जिस देश पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं, वही अब दूसरों पर आरोप लगा रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि क्षेत्र में शांति चाहिए, तो आतंकवाद की जड़ों को समाप्त करना ही एकमात्र समाधान है।

अंत में यही कहा जा सकता है कि यह हमला न केवल दो देशों के बीच तनाव को बढ़ाएगा, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और मानवता के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर ठोस और निष्पक्ष कार्रवाई की सख्त आवश्यकता है।

***ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।***

# सनातन नववर्ष का स्वागत केवल मानव ही नहीं पूरी प्रकृति करती हैं



संजय खाबिया

सनातन नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हैं। इस अवसर पर नववर्ष का स्वागत केवल मानव ही नहीं पूरी प्रकृति कर रही होती हैं। ऋतुराज वसंत प्रकृति को अपने आगोश में ले चुके होते हैं, पेड़ों की टहनियां नई पत्तियों के साथ इठला रही होती हैं, पौधे फूलों से लदे इतरा रहे होते हैं। खेत सरसों के पीले फूलों की चादर से ढंके होते हैं। किसलयों का प्रस्फुटन, नवचैतन्य, नवोत्थान, नवजीवन का प्रारंभ मधुमास के रूप में प्रकृति नया श्रृंगार करती हैं। कोयल की कूक वातावरण में अमृत घोल रही होती है। मानो दुल्हन सी सजी धरती पर कोयल की मधुर वाणी शहनाई सा रस घोलकर नवरात्रि में मां के धरती पर आगमन की प्रतीक्षा कर रही हो।

सनातन नववर्ष पूर्णतः वैज्ञानिक, शाश्वत और तथ्य पर आधारित हैं। इस तिथि का अपने शास्त्र में विशेष महत्व हैं। इस तिथि से ब्रह्मा ने सृष्टि निर्माण प्रारंभ किया था। ब्रह्म पुराण में वर्णन हैं चैत्रे मासी जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि। शुक्ल पक्षे समग्रेतु सदा सूर्योदये सति। अर्थात ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना चैत्र मास के प्रथम दिन, प्रथम सूर्योदय होने पर की। इस शुक्ल प्रतिपदा को सुदी भी कहा जाता हैं। इस दिन से ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र यानि वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है। इसमें सनातन समाज शक्ति की उपासना हेतु भक्ति में लीन होता है।

राजा विक्रमादित्य द्वारा परकीय विदेशी आक्रमणकारी शको से भारत को मुक्त करा कर नए विक्रमी संवत का प्रारंभ किया। महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की त्रेतायुग में प्रभु रामचंद्र जी ने राक्षसी आतंक का नाश और अधर्म पर धर्म की विजय प्राप्त कर रामराज्य की स्थापना की और इस तिथि को ही उनका राज्याभिषेक हुआ।

महाभारत के धर्म युद्ध में सत्य की विजय हुई और द्वापरयुग में इसी दिन युधिष्ठिर का राज्याभिषेक और युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ हुआ और ग्रह और नक्षत्र में भी परिवर्तन होता है। वर्ष प्रतिपदा के दिन ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ। संघ की शाखाओं में आद्य सरसंघचालक प्रणाम दिया जाता हैं। भगवान गौर और गणेश की पूजा भी इसी दिन से तीन दिनों तक राजस्थान में की जाती है। सनातन नववर्ष को महाराष्ट्र, कोंकण और गोवा के क्षेत्र में गुड़ी पड़वा, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना में उगादी, राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में थापना एवं सिंधी क्षेत्र में चेती चांद और जम्मू -कश्मीर में नवरेह नाम से मनाया जाता है। सनातन वैदिक धर्म में नवरत्रि के पर्व का विशेष महत्व होता हैं। नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक देवी दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा उपासना की जाती हैं।

**प्राचीन संवत :** विक्रम संवत से पूर्व 6676 ईसवी पूर्व से शुरू हुए प्राचीन सप्तर्षि संवत को हिंदुओं का सबसे प्राचीन संवत माना जाता है, जिसकी विधिवत शुरुआत 3076 ईसवी पूर्व हुई मानी जाती है। सप्तर्षि के बाद नंबर आता है कृष्ण के जन्म की तिथि से कृष्ण कैलेंडर का फिर कलियुग संवत का। कलियुग के प्रारंभ के साथ कलियुग संवत की 3102 ईसवी पूर्व में शुरुआत हुई थी।

**विक्रम संवत :** इसे नव संवत्सर भी कहते हैं। संवत्सर के पाँच प्रकार हैं सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास। विक्रम संवत में सभी का समावेश है। इस विक्रम संवत की शुरुआत 57 ईसवी पूर्व में हुई। इसको शुरू करने वाले सम्राट विक्रमादित्य थे इसीलिए उनके नाम पर ही इस संवत का नाम है। इसके बाद 78 ईसवी में शक संवत का आरम्भ हुआ।

*ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।*

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### अच्छा कौन

एक ट्रेन में चार यात्री यात्रा कर रहे थे । उनमें एक बंगाली, एक तमिल, एक एंग्लो-इंडियन तथा एक हिंदी भाषी था । वे लोग अपनी- अपनी भाषा पर बात कर रहे थे ।

बंगाली महोदय बोले, '' बांग्ला सबसे मीठी भाषा है । इसने भारतीय साहित्य को अत्यंत उच्चकोटि के साहित्य से समृद्ध किया है ।''

तमिल- भाषी महोदय बोले, ''तमिल भाषा बहुत प्राचीन है । इसका साहित्य बहुत

उच्चकोटि का है । इसका प्रादुभाव तब हुआ था, जब आर्य-भाषा निम्न स्तर में थी ।''

एंग्लो-इंडियन महोदय भला कैसे चुप रहते, वह बोले, ''अंग्रेज़ी



सबसे अच्छी, सबसे सरल भाषा है। यह लगभग पूरे विश्व में बोली एवं जानी जाती है। इसका साहित्य अत्यंत समृद्ध है। इसका दूसरी भाषाओं से क्या मुकाबला!''

अब चौथे यात्री की बारी थी। वह किसी हिंदी-भाषी क्षेत्र के ग्रामीण रहे होंगे, बोले, ''आप लोगों की बातें सही हैं, मगर आप लोग बातें तो हिंदी में कर रहे हैं!'' बाकी तीनों एक-दूसरे का मुंह देखने लगे ।

## हेल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# क्यों मनाया जाता है वर्ल्ड स्लीप डे?

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग काम के दबाव, मोबाइल के अधिक इस्तेमाल और मानसिक तनाव के कारण अपनी नींद पर ध्यान नहीं दे पाते। देर रात तक जागना और सुबह जल्दी उठना कई लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है, जिससे शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसी समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल मार्च के तीसरे शुक्रवार को दुनिया भर में विश्व नींद दिवस मनाया जाता है। इस साल 13 मार्च को विश्व नींद दिवस (ङ्खश्रह्यस्र स्द्यद्गद्गश्च ष्ठड्ड4 2026) मनाया जा रहा है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि सही और पूरी नींद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। पर्याप्त नींद न लेने से थकान, तनाव, चिड़चिड़ापन और कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में, आइए जानते हैं विश्व नींद दिवस का इतिहास, महत्व और इस साल की थीम के बारे में -

**विश्व नींद दिवस क्यों मनाया जाता है? :** विश्व नींद दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को नींद के महत्व और उससे जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। आज के समय में बहुत से लोग काम के दबाव, तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण पूरी नींद नहीं ले पाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग नींद की कमी यानी स्लीप डेप्रिवेशन की समस्या से जूझ रहे हैं। लगातार कम सोने से शरीर पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। इससे थकान महसूस होना, चिड़चिड़ापन बढ़ना, इम्यून सिस्टम कमजोर होना और मानसिक तनाव जैसी परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसी कारण इस दिन के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया जाता है कि स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद लेना बेहद जरूरी है।

**विश्व नींद दिवस का इतिहास:** विश्व नींद दिवस मनाने की शुरुआत वर्ल्ड स्लीप डे कमेटी ऑफ़ वर्ल्ड स्लीप सोसाइटी (World Sleep Day Committee of World Sleep Society) द्वारा की गई थी। इसे पहली बार 2008 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग नींद से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरुक हों और उन्हें ठीक करने के लिए उचित कदम उठाएं।

विश्व नींद दिवस 2026 की थीम 'अच्छी नींद लें, बेहतर जीवन जिएं' रखी गई है। इस थीम के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि अच्छी और पर्याप्त नींद स्वस्थ जीवन की बुनियाद होती है। दरअसल, अच्छी नींद न केवल शरीर को आराम देती है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर व्यक्ति नियमित और पर्याप्त नींद लेता है तो उसकी कार्यक्षमता बढ़ती है और वह अधिक ऊर्जावान महसूस करता है। इस साल की थीम लोगों को यह समझाने पर जोर देती है कि नींद को किसी विलासिता की चीज नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरी और स्वस्थ आदत के रूप में अपनाया जाना चाहिए। इससे जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सकती है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से भी बचाव किया जा सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपकी यश और कीर्ति में वृद्धि करने वाला है। किसी भी काम को जल्दबाजी में करने से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। पार्टनरशिप में किया गया काम आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन कुछ लोग आपकी नीयत को गलत भी समझ सकते हैं।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करने का संकेत दे रहा है। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक खुशी देगा। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे और जीवन का आनंद लेने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन**
आज आपको परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा, किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को बहुत सोच-समझकर लें। संतान पर जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारी डालने से बचें, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकती है।

**कर्क**
आज आपको आय और व्यय के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। आपके कई अधूरे काम पूरे हो सकते हैं और कार्यों की गति भी तेज रहेगी। कोई पुराना सपना पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह**
आज आपको अपने आसपास के विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। व्यस्तता के कारण आप कुछ कामों को टालने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करना आगे चलकर परेशानी बढ़ा सकता है।

**कन्या**
काम को लेकर मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन खास रहेगा और वे अपने साथी के साथ मधुर और रोमांटिक पल बिताएंगे।

**तुला**
धन कमाने के कई अवसर सामने आएंगे और आप उनका पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेंगे। परिवार में चल रही किसी पुरानी कलह का समाधान बातचीत के जरिए निकल सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन व्यापार के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। पुराने निवेश से आपको अच्छा लाभ मिल सकता है और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन सावधानी और सतर्कता से आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ बातों को लेकर मन में असमंजस बना रह सकता है। यदि आप बैंक से ऋण लेने का विचार कर रहे थे, तो वह भी आपको मिल सकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में पार्टनरशिप आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को ईमानदारी और लगन से काम करना होगा, जिससे अधिकारी भी उनसे प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ**
स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजग रहने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी में किए गए कामों में गलती होने की संभावना है, इसलिए धैर्य के साथ काम करें। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

**मीन**
आज का दिन धन के मामलों में सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। किसी बड़े निवेश से फिलहाल दूरी बनाए रखना ही बेहतर रहेगा, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को बिना विशेषज्ञ की सलाह के आगे बढ़ने से बचना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंट सॉल्यूशंस, बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित तथा बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादकः तनुजा पठान* | प्रधान संपादकः राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888) | प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल, फोनः 0141-2796794, 2796795 | ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com | *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)

# बीसलपुर बांध ने रचा इतिहास, 12वां रिकॉर्ड बनाया

## 23 साल में 16 बार नहरों में पानी छोड़ा, पहली बार 76 सेमी खाली हुआ

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ((पुरूषोत्तम जोशी))।** बीसलपुर बांध ने फिर इतिहास रच दिया है। बांध ने इस सीजन में 12वां रिकॉर्ड बना लिया है। बीसलपुर बांध की नहरें बंद होने के साथ ही बांध ने एक और इतिहास रच दिया है। बांध के 23 साल के इतिहास में 16 साल नहरों में पानी छोड़ा। इस सीजन में भी 97 दिन बांध से नहरों में पानी छोड़ा, मंगलवार को नहरों में पानी बंद कर दिया। इसके बावजूद यह पहला साल है । इससे पहले भी बांध ने रिकॉर्ड तोड़ बारिश से बांध ने 11 रिकॉर्ड बना लिए हैं। यह 12वां रिकॉर्ड बना है। इस साल जिले में हुई रिकॉर्ड तोड़ बारिश से बीसलपुर बांध ने कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। एक सीजन में ही बीसलपुर बांध ने मंगलवार को 12वां रिकॉर्ड भी बना लिया है। यह 12वां रिकॉर्ड बांध में नहरें छोड़कर बंद करने के बाद पहली बार पहली बार सबसे कम बांध खाली होने के बना है।

अभी बांध का जल स्तर कुल भराव क्षमता 315.50 आर एल मीटर के मुकाबले 314.73 आरएल मीटर है। इस साल नहरों में इन 97 दिन में पानी छोड़ा है। नहरें बंद करने के बाद बांध से 3.972 टीएमसी पानी की खपत हुई है। बांध की कुल भराव क्षमता 38.70 टीएमसी है। अभी बांध में 86.27 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। इस पानी उपलब्धत से दो साल तक पेयजल की कमी नहीं आएगी। बांध में इतना पर्याप्त पानी बचा है कि दो साल तक बांध में पानी की आवक नहीं होती है तो भी टोंक, अजमेर और जयपुर की एक करोड़ से ज्यादा की आबादी को पर्याप्त पेयजल मिल सकेगा।

2004- 2005 में 313.74 आर एल मीटर, 2005-6 में 311.19 आर एल मीटर,2006-7 में 313.11 आर एल मीटर, 2007-8 में 309.45 आर एल मीटर, 2011-12 में 311.85 आर एल मीटर, 2012-13 में 311.33 आर एल मीटर, 2013-14 में 312.21 आर एल मीटर, 2014-15 में 313.22 आर एल मीटर, 2015-16 में 312.43 आर एल मीटर, 2016-17 में 313.31 आर एल मीटर, 2017-18 में 312.43 आर एल मीटर, 2019-20 में 314.17 आर एल मीटर, 2022-23 में 313.97 आर एल मीटर, 2023-24 में 312.81 आर एल मीटर, 2024-25 में 313.88 आर एल मीटर,2025-26 में 314.73 आर एल मीटर बांध का जल स्तर रहा है।

**साढ़े तीन बार बांध भर जाता:** इस साल बांध के 134 दिन गेट खुले रहे थे। इससे बनास नदी में बांध 140.821 टीएमसी पानी व्यर्थ बहा था। इससे बीसलपुर बांध साढ़े तीन बार भर जा सकता था।

बीसलपुर बांध की 51.6 किमी लम्बी दायीं और 18.65 किमी लम्बी बायीं नहर तथा वितरिकाओं (कुल लम्बाई करीब 750 किमी) की मरम्मत और सफाई का काम जोरों पर है। दोनों नहरों और उनकी वितरिकाओं के जरिए जिले की 81 हजार 800 हैक्टेयर में रबी की फसलों और सब्जियों को सिंचाई होती है।

**किस साल कितना पानी बनास नदी में छोड़ा:** बीसलपुर बांध के गेट अब तक 8 बार खोले जा चुके हैं। पहली बार इसमें 2004 में पानी रोका गया था। उस साल 26.18 टीएमसी पानी निकासी की गई थी। इसी तरह फिर 2006 में 43.25 टीएमसी, 2014 में 11.202 टीएमसी, 2016 में 134.238 टीएमसी, 2019 में 93.605 टीएमसी, 2022 में 13.246 टीएमसी, 2024 में 31.433 टीएमसी और इस साल 135 टीएमसी से ज्यादा पानी की निकासी बनास नदी में की गई है।

बीसलपुर बांध प्रोजेक्ट के एक्सईएन मनीष बंसल, ृश्रह दिनेश बैरवा ने बताया कि टोंक जिले में सिंचाई के लिए 8 टीएमसी पानी, पेयजल के लिए 16.20 टीएमसी पानी आरक्षित है। इसके अलावा 8.15 टीएमसी वाष्पीकरण व अन्य खर्च माना गया है।

### ये बने है इस साल 7 रिकॉर्ड

1. दिसंबर माह में पहली बार गेट खुला रहना
2. सबसे ज्यादा पानी की निकासी होना
3. लगातार दूसरे साल गेट खुलना
4. पहली बार जुलाई में गेट खोलना
5. पहली बार अक्टूबर में फिर से गेट खुलना
6. पहली बार 4 दिसंबर तक बांध के गेट खुले रहना
7. सबसे ज्यादा दिनों (134 दिन) तक गेट खुले रहना
8. पहली बार देरी से 10 दिसंबर में नहरों में पानी छोड़ा
9. पहली बार 19 दिसंबर तक बांध फुल भरा रहना
10. नहरों में पानी छोड़ने के दस दिन तक भी भरा रहा
11. बांध में सबसे ज्यादा पानी की आवक और सबसे ज्यादा निकासी हुई।
12. नहरों में पानी बंद करने के बाद बीसलपुर बांध महज 76 सेमी खाली हुआ।जो कि अब तक सबसे कम खाली हुआ है।

## रमजान के बद ईद-एल-फितर की तैयारियों में लगे शहरवासी



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी पड़ाव पर अब रमजानियों की नजरें आसमान पर टिक गई हैं। 1 महीने से रमजान कर रहे हैं मुस्लिम समाज के लोगों में ईद कि खुशियां देखी जा रही है।

पाक रमजान के चलते समाज के मोहम्मद इदरीश ने जानकारी में बताया कि शहर में ईद 20 मार्च (चांद नज़र आने से) मनाई जाएगी। ईदुल फितर की नमाज़ शहर के सी. आई. एस. एफ. परिसर स्थित ईदगाह में शुक्रवार को सुबह 9.15 बजे शाही जामा मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ अमान रज़ा द्वारा पढ़ाई जाएगी। रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी पड़ाव पर अब सबकी नजरें आसमान पर टिक गई हैं। जानकारी के अनुसार 19 मार्च, जुमेरात को ईद के चांद देखने का एहतिमाम करने की अपील की गई है। गुरुवार को चांद नजर आते ही रमजान का समापन होगा और ईद-उल-फितर की खुशियां मीठी ईद के रूप मे शुरू हो जाएगी ऐसे मे 19 मार्च को चांद नजर आ जाता है तो 20 मार्च (जुमे) को शहर में ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

राजस्थान स्थापना दिवस

## गलता व श्री रघुनाथ जी मंदिरों में हुई भव्य महाआरती

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान स्थापना दिवस उत्सव के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय के पुराने शहर में स्थित गलता मंदिर और गंगापुर सिटी में श्री रघुनाथ जी मन्दिर, चूलीगेट पर महाआरती कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य सरकार के देवस्थान विभाग के निर्देशानुसार स्थानीय प्रशासन द्वारा ये विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें जिला कलक्टर काना राम , अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता भरतलाल मथुरिया , सुरेश चंद्र जैन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों और बड़ी संख्या में शहरवासी श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सवाई माधोपुर के गलता मंदिर में संध्या के समय महाआरती और विशेष पूजा-अर्चना के लिए विशिष्ट सजावट तथा दीपकों की श्रृंखला के जरिए भव्य रूप दिया गया। इसमें सवाई माधोपुर क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और लोक कलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य की स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और लोगों को अपनी विरासत तथा सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं।

## निशुल्क यूनिफॉर्म के करोड़ों अटके, शिक्षा परिषद ने लगाई फटकार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले 40 लाख से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को फ्री यूनिफॉर्म के लिए मिलने वाली राशि शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। सत्र 2026-27 के लिए राज्य सरकार ने लगभग 250 करोड़ रुपए का बजट तो घोषित कर दिया, लेकिन अधिकारियों की सुस्ती के कारण शाला दर्पण पोर्टल पर बच्चों का जनआधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाया है। नतीजा यह है कि बच्चों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ( डीबीटी ) के 600-600 रुपए नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस लापरवाही पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने सख्त नाराजगी जताते हुए सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं और उन्हें कड़ी फटकार लगाई है।

**बार-बार निर्देश, फिर भी प्रगति शून्य:** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल ने सभी जिलों के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों और पदेन जिला परियोजना समन्वयकों को सख्त पत्र लिखा है। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि 100 प्रतिशत विद्यार्थियों के जनआधार प्रमाणीकरण के लिए निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक इस काम में कोई प्रगति नहीं हुई है। परिषद ने इसे अधिकारियों की लापरवाही करार दिया है।

**योजना में ये आ रही हैं मुख्य अड़चनें:** परिषद की रिपोर्ट के अनुसार शत-प्रतिशत डीबीटी न हो पाने के पीछे कई खामियां सामने आई हैं। विद्यार्थियों के अभिभावकों का जनाधार कार्ड नहीं बना है या वह अपडेट नहीं है। कई विद्यार्थियों के जनआधार से बैंक खाता लिंक ही नहीं है। जिनके जनआधार प्रमाणित हैं उनमें से भी बहुतों के बैंक खाते या तो निष्क्रिय हैं या उनका आईएससी कोड गलत दर्ज है।

अन्य योजनाओं का लाभ भी खतरे में सरकार ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में राज्य की अन्य सभी कल्याणकारी योजनाओं की डीबीटी भी जनआधार से लिंक बैंक खातों में ही ट्रांसफर की जाती है।

नशे के सौदागरों पर एक साथ तीन बड़ी कार्रवाई

## स्मैक, अफीम सप्लाई करते अलग- अलग चार गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला स्पेशल टीम ने नशे के खिलाफ एक साथ तीन अलग अलग पुलिस थाना इलाके में छापेमार कार्रवाई कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर 13 लाख 20 हजार रूपए कीमत का अवैध मादक पदार्थ अफीम, स्मैक जप्त की है। साथ ही 78570 रुपए भी बरामद किए हैं। आरोपियों के कब्जे से एक पल्सर गाड़ी और 4 मोबाइल फोन जप्त किए हैं।

टोंक की जिला स्पेशल टीम ने एक बार फिर नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। जिला स्पेशल टीम ने पहली कार्रवाई दूनी थाना क्षेत्र में की जहां एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से प्लास्टिक की थैली में रखी करीब आठ लाख रुपए की 37 ग्राम स्मैक जब्त की हैं। साथ ही स्मैक बेच कर कमाए 500 रु भी बरामद किए हैं ।

पुलिस के अनुसार आरोपी मध्यप्रदेश का रहने वाला है। वह झालावाड़ से स्मैक लेकर दूनी कस्बे में इसकी सप्लाई करने आ रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर युवक को आवां रोड से पकड़ा गया। जिला स्पेशल टीम ने इसे दूनी थाने के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही पूछताछ जारी है, जिससे नेटवर्क और आरोपी के साथियों को भी पकडा जा सके। आरोपी के पास से 8 लाख रूपए की स्मैक के अलावा कैश और मोबाइल जब्त किया है।

जिला स्पेशल टीम के प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि आज दूनी से आवां रोड पर झालावाड़ से दूनी लाई गई अवैध मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई को छ्रस्ञ्ज द्वारा कार्रवाई करके नाकाम किया है।

टोंक छ्रस्ञ्ज द्वारा आरोपी चैन सिंह पुत्र मेहताब तंवर निवासी भोजपुर (मध्य प्रदेश) के कब्जे से करीब 8 लाख रुपए की कीमत की 37 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की गई। पुलिस थाना दूनी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं दूसरी बड़ी मोर पुलिस थाना इलाके के पथराज कला गांव में की गई है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी सुरेश जाट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 हजार रुपए कीमत की 118 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर 51050 रुपए और एक मोबाइल भी जप्त किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया है कि मालपुरा इलाके में नशे की सप्लाई को अंजाम दे रहा था। इसके साथ ही तीसरी कार्रवाई को जिला स्पेशल पुलिस टीम ने निवाई के झिलाई में अंजाम दिया । जहां 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.80लाख रुपए कीमत की 23.79 ग्राम स्मैक बरामद की साथ ही 26570 रुपए और 2 मोबाइल भी जप्त किए। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि झिलाई, निवाई सहित आस-पास के इलाके में स्मैक की स्पलाई कर रहे थे।

## विधायक रामसहाय वर्मा ने पत्थरबाजी से पीड़ित परिवार से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( पुरूषोत्तम जोशी )।** शहर में बीते दिनों हुई दो अलग अलग पत्थरबाजी की घटनाओं के बाद आज निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा पुरानी टोंक के संघपुरा इलाके में पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना की जानकारी और कुशलक्षेम जानी। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए बड़ा बयान देते हुए डिस्टर्ब एरिया बिल को लेकर कहा कि मानलों एक गांव में पूरे ही परिवार जाट समाज है और दो दलित परिवार रह रहे है तो वो भी डिस्टर्ब बिल के तहत आते है। कांग्रेस वाले इस बिल का गलत अर्थ निकाल रहे है। इस बिल का मतलब हिंदु और मुस्लिम नहीं है। यह तो सभी पर लागू होता है। वहीं शहर में हुई घटनाओं पर विधानसभा में सवाल उठाने के बाद अब तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होने के सवाल पर भी विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि हमने कलेक्टर साहब को भी कहा है और एसपी साहब को भी कहा है आपका लॉयन ऑर्डर है इसकों देखना चाहिए। हमारी सरकार डिस्टर्ब बिल ऐसी ही घटनाओं को रोकने के लिए लेकर आई है। विधायक रामसहाय वर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि जब से गुजरात में लागू हुआ है तब से वहां कोई दंगा नहीं हुआ है। उसी का परिणाम है कि राजस्थान में भी यह बिल पास हुआ है और जो इस तरह की घटनाएँ आए दिन होती रहती हैइन पर लगाम भी लगेगी।

विधायक वर्मा ने कार्रवाई नहीं होने से सवाल पर दावा करते हुए कहा कि वन विभाग ने अतिक्रमियों की संपतियों पर निशान भी लगाए है, प्रत्येक विभाग को लैटर लिखा गया है, आप अपनी जमीन पर काबिज हो और ईश्वर ने चाहा तो जल्द ही उस पर कार्रवाई होगी। बुल्डोजर एक्शन के सवाल पर विधायक ने कहा कि यह काम जिला परिषद, नगर परिषद और वन विभाग का है, जल्द ही टीम गठित कर कार्रवाई करेंगे।

विशेष योग्यजन शिविर

## दिव्यांगजनों को मिला सहारा, जीवन को सुगम बनाने की पहल



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सवाई माधोपुर एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, साहूनगर में विशेष योग्यजन उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए।

शिविर के दौरान कुल 105 सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें 12 कृत्रिम हाथ-पैर (जयपुर फुट), 28 एन्कल-फुट ऑर्थोसिस, 11 बैसाखियां, 2 ब्लाइंड स्टिक, 18 ट्राईसाइकिल, 13 व्हीलचेयर, 10 एल्बो कर्चिसिसि, 5 वॉकर एवं 6 श्रवण यंत्र शामिल हैं। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन में आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मनोज कुमार गहलोत ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके जीवन को अधिक सुगम बनाना है।

शिविर में भगवान महावीर सेवा समिति के सचिव प्रवीण भण्डारी, डॉ. दीनदयाल रावल सहित विशेषज्ञ टीम तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे, जिन्होंने उपकरणों के चयन एवं वितरण में सहयोग प्रदान किया।

रोजा इफ्तार में दिखा सियासी संगम

## कच्ची बस्ती में कांग्रेस नेता का बड़ा आयोजन, शाहरुख खान ने ठोकी दावेदारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (फरीद मोहम्मद)।** जिरात रोड स्थित कच्ची बस्ती के सामुदायिक भवन में मंगलवार को एक भव्य सर्व समाज रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व राजस्थान कांग्रेस के महासचिव आलोक मीणा ने किया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न समाजों के सैकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस खास मौके पर मेहमान-ए-खुसूसी के रूप में हाकम अली खान की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। इफ्तार के दौरान सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ बैठे और रोजा खोलकर आपसी भाईचारे और एकता का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर निगम चुनाव को लेकर भी सियासी हलचल देखने को मिली।




पांच कुआं कच्ची बस्ती से संभावित उम्मीदवार शाहरुख खान ने भी शिरकत की और मोहब्बत व सौहार्द का पैगाम दिया। उन्होंने संकेत दिए कि वे आगामी नगर पालिका चुनाव में मजबूती से दावेदारी पेश करेंगे। शाहरुख खान को क्षेत्र में एक संघर्षशील और जमीनी नेता के रूप में देखा जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब एसआर फार्म से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग परेशान थे, तब शाहरुख खान ने आगे बढ़कर एक बेटे और भाई की तरह लोगों का साथ दिया और हर मोर्चे पर खड़े रहे। इस इफ्तार कार्यक्रम ने जहां एक ओर सामाजिक एकता की मिसाल पेश की, वहीं दूसरी ओर आने वाले चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मियों को भी तेज कर दिया है।

## अलीगढ़ विद्यालय में एनएनएस शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा ( आनंद गौतम )।** उपखण्ड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलीगढ़ में आयोजित हृस्स (+2 स्तर) शिविर का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री सीताराम मीणा द्वारा निरीक्षण किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सेवा भाव प्रदर्शित करते हुए विद्यालय के उद्यानों और शौचालय परिसरों की गहन साफ-सफाई की। शारीरिक श्रम के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बौद्धिक सत्र में निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती राखी वर्मा, शिविर प्रभारी जयराम मीणा, दल प्रभारी पप्पू लाल मीणा सहित बलराज, राकेश, संजय, राजेश और राजेन्द्र कुशवाहा जैसे प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## गणगौर उत्सव हर्षोल्लास व पारंपरिक रंग से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**उमाशंकर शर्मा (टोडारायसिंह)।** कस्बे के तिवाड़ी मोहल्ला में गणगौर सखी महिला मंडल के संतोष शर्मा के नेतृत्व में गणगौर उत्सव मेहंदी कार्यक्रम पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणगौर राजस्थान का एक प्रमुख त्योहार है, जो नारी शक्ति, सौभाग्य और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। राजस्थानी रंग और थीम का अनूठा संगम इस वर्ष गणगौर उत्सव के लिए ग्रीन थीम चुनी गई थी। सभी महिलाओं ने हरे रंग की पोशाक पहनकर पारंपरिक परिधान में उत्सव की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम स्थल को राजस्थानी थीम पर सजाया गया, जिसका संयोजन शशि शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। खेल, मस्ती और पारंपरिक झलक कार्यक्रम में महिलाओं ने मेहंदी,हाउजी, क्विज कॉन्टेस्ट, म्यूजिकल गेम्स और डांस गेम्स का आनंद लिया। सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाने का विशेष आकर्षण रहा। सभी महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक अंदाज में बेहद आकर्षक लग रही थीं। शीतला अष्टमी के दिन से ही महिलाएं ईश्वर गणगौर की झांकी के रूप में सजधज कर छोटे बालक, बालिकाओं को ईसर गणगौर बनाकर बैंड बाजों की धुन पर नाचती मंगल गीत गाती हुई बारात में शामिल हुई। निकिता शर्मा ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया। संस्कृति संरक्षण और नई पीढ़ी के लिए संदेश गणगौर उत्सव के दौरान नई पीढ़ी को इसके महत्व और परंपराओं की जानकारी दी गई। संस्कृति को संजोकर रखना था, ताकि आधुनिकता के दौर में हमारी परंपराएं विलुप्त न हों। सभी ने इस - आयोजन को यादगार बताया और भविष्य में भी इस तरह के पारंपरिक उत्सव मनाने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के दौरान विभा शर्मा ने बताया हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में आयोजित होने वाली हिंदू भगवा रैली में अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल का आह्वान किया गया।

# राजसखी मेले में स्थानीय उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित राजसखी मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जिला प्रशासन एवं राजीविका के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर टोंक में आयोजित राज सखी मेले में बुधवार को राजीविका स्वयं सहायता महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को देखने एवं खरीदने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया। निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने भी मेले में लगी स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते है तथा स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाते हैं। मेले में आने वाले लोगों ने सेल्फी पॉईन्ट पर अपनी फोटो को कैमरे में कैद किया। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय टोंक द्वारा महिलाओं के नाम सीएम की पाती का वितरण किया।

मेले में प्रदेश के अलग अलग जिलों से आई राजीविका महिलाओं ने दिल से रची हाथों से सजी कला को प्रदर्शित किया। राजसखी मेले में सुबह 10 से रात्रि 9 बजे तक महिलाओं, बच्चों एवं आमजन ने अपनी पंसद की खरीदारी की एवं विभिन्न स्टॉलों पर रखी वस्तुओं की जानकारी ली। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 1100 से 1999 रुपये की खरीदारी करने पर छोटी वाटर बोतल एवं 2 हजार से अधिक की खरीदारी करने पर बड़ी बोतल उपहार के रुप में ग्राहकों को दी गई।

राज सखी मेले में राज्य के अन्य जिलो के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े, गृह सज्जा सामग्री, जैविक उत्पाद तथा स्थानीय पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 50 से 60 स्टाल लगाई गई है। मेले के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और आय के नए अवसर प्राप्त हुए है। मेले में स्थानीय उत्पादों को खरीदने विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्मिक, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, आसपास के गांवों से लोग आएं।

# क्यूआर कोड ने खोली पौल,निशांत के दावे की खोली पौल


## यूपीएससी में 899वीं रैंक बताकर, सम्मान पाने वाला युवक निकला फर्जी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत लोयती के निवासी निशांत कुमार ने जहाँ परिजनों सहित क्षेत्र के लोगों जनप्रतिनिधियों को भ्रमित कर सम्मान पाया वह जन हंसाई का कार्य सिद्ध हुआ।

जहाँ निशांत कुमार ने खुद को यूपीएससी में चयनित बताकर जो सम्मान पाया वह फर्जीवाड़ा पाया गया। जहाँ स्थानीय ग्रामीणों की आँखों में उत्साह और उमंग दिखाई दे रही थी वह गायब सी नजर आई। जब 6मार्च 2026को यूपीएससी का परिणाम आया तो ग्रामीणों सहित स्थानीय

फर्जी कैंडिडेट




जनप्रतिनिधियों में भी खुशी की लहर दौड़ गई। क्योंकि निशांत कुमार ने अपने आपको यूपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण बताया था। जिसको लेकर क्षेत्र में निशांत कुमार के सम्मान में वह कुछ किया गया जो क्षेत्र के लोग कर सकते थे। लेकिन निशांत

असली कैंडिडेट




कुमार के क्यूआर कोड ने सबके सपनों पर पानी फेर दिया। क्यूआर कोड की जानकारी में आया कि निशांत कुमार आगरा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इससे निशांत कुमार की पौल खुल गई !निशांत ने केवल प्रारम्भिक परीक्षा दी थी वह मुख्य परीक्षा में सफल नहीं हो पाया था। यूपीएससी की आधिकारिक चयन सूची में उसका नाम कहीं नहीं मिला। कहीं निशांत पर कानूनी सिकंजे का डर तो नहीं मंडरा रहा है।

इस फर्जीवाड़े के सामने आने से प्रशासनिक कार्यवाही शुरू हो सकती है! दस्तावेजों में छेड़छाड़ और धोखाधड़ी के मामले में निशांत पर कानूनी शिकंजा कस सकता है।वहीं सिस्टम की जाँच प्रक्रिया और सत्यापन तंत्र पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं ग्रामीणों सहित क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है कि बेवा माता और भाई बहनों पर तरस खाकर प्रशासन और सरकार निशांत को शायद मांफ कर दे!

# श्रीराम नानोडी धाम में भव्य कलश शोभायात्रा का हुआ आयोजन

## 'हरि अनन्त हरि कथा अनन्ता कहहि सुनहि बहुविधि सब संता'



## रामकथा वाचन रोजाना शाम 7 बजे से दस बजे तक

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** श्रीराम नानोड़ी धाम में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर रामकथा का आयोजन भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। सुबह 9:15 बजे कंहोड़ा मंदिर से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा मार्ग पुष्पवर्षा कर इसका स्वागत किया गया।इस दौरान महिलाएं भजनों पर नाचते-गाते हुए शोभायात्रा में चल रही थी।कलश शोभायात्रा कंहोड़ा हनुमान मंदिर से चलकर श्रीराम नानोड़ी धाम पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कलश यात्रा का समापन किया।

आपको बतादें,,,,

रामकथा का वाचन व्यास रामदास महाराज करेंगे। कथा रोजाना शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी।

25 मार्च को भंडारा व वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। भंडारा सुबह 10:15 बजे से शुरू होकर प्रभु इच्छा तक। इसी दिन रात्रि में कथा के बाद गुलाबनाथ जी महाराज के सानिध्य में भजन संध्या जा आयोजन होगा।26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर भगवान राम का जन्मोत्सव दोपहर 12 बजे मनाया जाएगा। इसके बाद नानोड़ी धाम से शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो आसपास के गांवों का भ्रमण कर मंदिर परिसर में वापस आएगी। इसी दिन राम कथा का समापन, हवन और भंडारे का आयोजन भी होगा।

इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। मंदिर के अंदर और बाहर आकर्षक फूलों से सजावट की गई है। रंग-बिरंगी रोशनी से श्रीराम नानोडी धाम जगमगा रहा है। शिव परिवार, राम दरबार और हनुमान मूर्ति को विभिन्न खुशबूदार फूलों से सजाया गया है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा गया है।कलश शोभायात्रा के दौरान रामकथा वाचक रामदास महाराज, मोहनदास महाराज,विभूति दास महाराज, रघुनंदन दास महाराज, आचार्य आशीष शर्मा,आचार्य संजय शर्मा सहित काफी संख्या में महिलाएं,साधु संत व भक्त लोग उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद् अलवर

# भारत विकास परिषद् अलवर एवं भारत विकास परिषद् अलवर चैरिटेबल ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** वर्ष 2026-27 के लिए भारत विकास परिषद् अलवर और वर्ष 2026-28 के लिए भारत विकास परिषद चेरिटेबल ट्रस्ट की कार्यकारिणी के चुनाव प्रांत द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी सुनील खंडेलवाल , जिला सह समन्वयक द्वारा परिषद भवन में आयोजित साधारण सभा में सम्पन्न कराए गए। सदन की सर्वसम्मति से गिरीश गुप्ता को शाखा अध्यक्ष, अशोक गुप्ता को शाखा सचिव और लोकेश गोयल को शाखा कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए प्रदीप गोयल अध्यक्ष, सुरेश मेठी सचिव एवं दिलीप गोयल कोषाध्यक्ष पद पर पुन: निर्वाचित किये गये।

साधारण सभा का आरम्भ परम्परा के अनुसार सर्व प्रथम मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर मल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत वंदेमातरम से किया गया। शाखा अध्यक्ष सुरेश गोयल ने स्वागत भाषण द्वारा सम्मानित सदस्यों का अभिनन्दन एवं अभिवादन किया। शाखा सचिव राधे श्याम व ट्रस्ट सचिव सुरेश मेठी ने सदन में अपने-अपने कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

रीजन संगठन सचिव अशोक मित्तल, पूर्व रीजन संरक्षक डॉ के.के.गुप्ता एवं पूर्व प्रांतीय संरक्षक डॉ. कुम कुम कपूर ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनायें दीं। साधारण सभा के उपरांत शाखा का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयोजक हरीश जसोरिया व वैशाली जसोरियाऔर उनकी टीम के सदस्यों ने मनोरंजक खेलों के माध्यम से सदन को होली के माहौल में सराबोर कर दिया।

धन्यवाद ज्ञापन शाखा कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती दीक्षा अग्रवाल एवं श्रीमती नीना गुप्ता तथा राष्ट्रगीत वंदेमातरम का सुमधुर गायन श्रीमती ज्योति सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाखा के सभी सम्मानित 135 सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

अंत: में राष्ट्रगान के बाद सुरुचिपूर्ण भोज से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# प्रियाजी मेडिकल स्टोर से 885 कैप्सूल व 474गोलियां बरामद

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव खेड़ा स्थित प्रियाजी मेडिकल स्टोर पर बानसूर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुई 885 कैप्सूल व 474 गोलियां बरामद की हैं।वहीं बानसूर थाना पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार यादव को एनडीपीसी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर राहुल प्रकाश द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेशानुसार यह कार्यवाही की गईं।जिला कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने बताया कि उक्त कार्यवाही पुलिस निरीक्षक रेंज जयपुर के आदेशानुसार व मेरे निर्देशन तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नाजिम अलीखान के सुपरविजन व बानसूर वृतांधिकारी मेघा गोयल के निकटतम सुपरविजन तथा बानसूर थानाधिकारी राजेश यादव के नेतृत्व में इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया।उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही 16मार्च 2026को खेड़ा स्थित प्रियाजी मेडिकल स्टोर पर की गई। आरोपी संदीप कुमार पुत्र रामसिंह जाति अहीर आयु 32साल निवासी बहरामकाबास के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जप्त किए गए हैं। गठित टीम में बानसूर थानाधिकारी राजेश यादव, उपनिरीक्षक प्रदीपसिंह, कांस्टेबल रविन्द्रसिंह व महेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## आत्म-सुधार और आत्म-शुद्धि का अवसर

# गायत्री परिवार अलवर ने केंद्रीय कारागार में आयोजित किया नवरात्रा लघुअनुष्ठान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** गायत्री परिवार अलवर ने आज केंद्रीय कारागार अलवर में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक आयोजन किया, जिसमें 29 बंदीजनों ने 19 मार्च से 27 मार्च तक 9 दिवसीय नवरात्रा लघुअनुष्ठान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती डॉक्टर सरोज गुप्ता और सहायक प्रबंध ट्रस्टी मुरारीलाल शर्मा ने बंदीजनों को अनुष्ठान का महत्व और मानसिक और शारीरिक प्रभाव के बारे में बताया।

इस अनुष्ठान में भाग लेने वाले बंदीजनों को दो मंत्र लेखन पुस्तिका, 1 पैन और 1 तुलसी माला वितरित की गई, जिससे वे गायत्री मंत्र लेखन और जप द्वारा अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। गायत्री परिवार के चौधरी चरणसिंह और सतीशचंद यादव ने भी इस अवसर पर उपस्थित रहकर अनुष्ठान की सफलता के लिए प्रार्थना की।



इस अनुष्ठान का उद्देश्य बंदीजनों को आत्म-सुधार और आत्म-शुद्धि का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें और समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभा सकें। गायत्री परिवार अलवर इस तरह के आयोजनों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गायत्री परिवार अलवर की यह पहल न केवल बंदीजनों के लिए बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा है, जो हमें आत्म-सुधार और आत्म-शुद्धि के महत्व को समझने और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करती है।

संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर ने आज दिनांक 18 मार्च 26 को हाकम प्रभुजी को उसके भांजे प्रभात कुमार निवासी कारियाझाला, तहसील डेरापुर, जिला कानपुर देहात उत्तर प्रदेश को सकुशल सुपुर्द किया।

हाकम प्रभुजी उम्र लगभग 40 साल, को 5 मई 2025 को रेलवे पुलिस गंगापुर सिटी ने रेलवे लाइन पर हाथ में पत्थर लेकर घूमते हुए लावारिस हालत में पकड़ कर अपनाघर आश्रम बझेरा भरतपुर में सेवा और उपचार हेतु भर्ती कराया था। जिसे दिनांक 26 जनवरी 26 को अन्य प्रभुजी के साथ अपनाघर आश्रम अलवर स्थानांतरित कर दिया गया।

अलवर आश्रम के अध्यक्ष सतीश सारस्वत ने बताया कि सेवा साथी इंदर लाल को हाकम प्रभुजी ने पूछताछ में गांव कारियाझाला जिला कन्नौज और प्रभात नाम बताया। इस आधार पर इंदर लाल ने गांव के प्रधान के माध्यम से प्रभात कुमार से संपर्क किया और वीडियो कॉल से पहचान सुनिश्चित कराई।

जब आज दुसरे ही दिन प्रभुजी का भांजा प्रभात कुमार अपनाघर आश्रम अलवर पहुंचा तब उसने बताया कि मामा एक साल से लापता थे खोजने का प्रयास किया कोई सुराग नहीं मिला। दो दिन पहले ही अपनाघर आश्रम अलवर से सूचना मिली तो बहुत खुशी हुई। मामा के माता पिता नहीं है, कोई भाई भी नहीं है, एक मात्र मेरी मां ही उनकी बहन है और मामा हमारे पास ही रहते हैं। एक साल पहले घर से निकले गए थे।

प्रभुजी को विदाई के समय सेवा साथी इंदरलाल, विकास एवं रणवीर के साथ साथ आश्रम कार्यकारिणी के वित्त सचिव के के खंडेलवाल उपस्थित थे। फोटो संलग्न है।

# एडीजे राजेंद्र साहू निलंबित, राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर रहेगा मुख्यालय

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने जालोर जिले के भीनमाल में पदस्थापित अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ( एडीजे ) राजेंद्र साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । हाईकोर्ट ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया है । हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल चंचल मिश्रा की ओर से जारी आदेश के अनुसार जिला न्यायाधीश कैडर के अधिकारी राजेंद्र साहू के खिलाफ छह अलग - अलग मामलों में गंभीर आरोपों की प्रारंभिक जांच चल रही है । साहू जांच प्रक्रिया को प्रभावित न कर सकें , इसे रोकने के उद्देश्य से उन्हें निलंबित किया जाना आवश्यक था । आदेश के अनुसार निलंबन की यह कार्रवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने की है । निलंबन अवधि के दौरान एडीजे राजेंद्र साहू का मुख्यालय राजस्थान हाईकोर्ट , जोधपुर रहेगा। उन्हें तत्काल प्रभाव से जोधपुर में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के सामने रिपोर्ट करने को कहा गया है ।

# जिनेवा में उठी पाक विस्थापित महिलाओं की पीड़ा की आवाज

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( रंजन दवे )।** यूनाइटेड नेशंस के 61वें मानवाधिकार सत्र में राजस्थान के जोधपुर से एक सशक्त आवाज वैश्विक मंच पर गूंजी। संभली ट्रस्ट के संस्थापक गोविंद राठौड़ ने पारंपरिक राजस्थानी साफा पहनकर पाकिस्तानी शरणार्थी महिलाओं और बच्चियों के मुद्दे को मजबूती से उठाया।

राठौड़ ने कहा कि शरण की तलाश कर रही महिलाओं और बच्चियों की स्थिति अत्यंत गंभीर है और इस पर तुरंत मानवाधिकारों के स्तर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विस्थापन के कारण इन महिलाओं को हिंसा, शोषण, शिक्षा में बाधा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी जैसे गंभीर जोखिमों का सामना करना पड़ता है। संभली ट्रस्ट जो कि जोधपुर और जैसलमेर में भी वर्षों से कार्य कर रहा है, इन



चुनौतियों को बहुत करीब से देख रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आने वाली कई महिलाएं और बच्चियां लंबे संघर्ष और कठिनाइयों के बाद भारत पहुंचती हैं, जहां वे अपने साथ गहरे दर्द के बावजूद अद्भुत हिम्मत लेकर आती हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से जैसलमेर में इन महिलाओं के साथ लगातार काम कर रहा है, जहां उन्हें सिलाई, शिक्षा और बाजार से जोड़ने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने शरणार्थियों को बुनियादी सेवाएं, पहचान दस्तावेज और शिक्षा व स्वास्थ्य प्रणाली में शामिल करने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

अपने भाषण के अंत में उन्होंने सभी देशों से अपील की कि वे लैंगिक संवेदनशील शरण प्रणाली अपनाएं, सभी के लिए सेवाओं की समान पहुंच सुनिश्चित करें और स्थानीय संगठनों को सहयोग दें, ताकि हर शरणार्थी महिला और बच्ची सुरक्षित, सम्मानजनक और आशापूर्ण जीवन जी सके।संभली के निदेशक के गोविंद राठौड़ ने कहा कि एक सामान्य संस्था भी सामाजिक मुद्दे को बखूबी उठा सकती है और वैश्विक मंच पर उनकी आवाज बुलंद करने में मददगार साबित हो सकती है।

### एनएच 68 पर इथेनॉल से भरा ट्रक पलटा, एक की मौत, एक बुरी तरह झुलसा

जालोर। राजस्थान के जालौर में इथेनॉल से भरा एक ट्रक पलट गया जिसमें कि आज की लपटे 200 मीटर तक फैली है । टैंकर में मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई है वहीं दूसरे ने कूद कर अपनी जान बचाई है। घटना जैसलमेर-जामनगर हाईवे पर (एनएच-68) पर जालोर सांचौर सिडवाड़ा ओवरब्रिज के पास की है, जहां ज्वलनशील पदार्थ एथेनॉल को लेकर यह टैंकर बाड़मेर से गुजरात की ओर जा रहा था जहां जालौर में यह हादसा हो गया।

# ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च से: यादव

## कबड्डी, बॉलीबाल, रस्साकसी, खो-खो, लम्बी कूद, तथा ऊँची कूद और दौड़ प्रतियोगिता का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित राज फाऊंडेशन ट्रस्ट बानसूर तथा सहयोगी संस्थान आरसीआई की ओर से बानसूर क्षेत्र के 14 वर्ष से 45 वर्ष तक के महिला तथा पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों को युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से राज्य तथा नेशनल स्तर तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण खेल महोत्सव का आयोजन 20 मार्च से 22 मार्च तक आरसीआई कैम्पस बानसूर में करवाया जा रहा है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने बताया प्रतियोगिता में महिला तथा पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी, खो-खो , वॉलीबॉल, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकशी, 100 मीटर तथा 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन का अंतिम दिनांक 19 मार्च रहेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए आरसीआई कैंपस में संपर्क करना होगा। 20 मार्च को प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा तथा 22 मार्च को समापन रहेगा। प्रतियोगिता में खेल प्रतिभाओं को मोटिवेट करने तथा



सम्मानित करने के लिए रमाकांत गुप्ता आईजी जयपुर, देवेंद्र कुमार विश्नोई डीआईजी राजस्थान, सतवीर सिंह पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड, इंद्राज गुर्जर जिला अध्यक्ष कोटपूतली बहरोड, डॉ पंकज यादव जिला यूथ कोऑर्डिनेटर यम खेल मंत्रालय भारत सरकार (माय भारत अलवर), तोताराम गुर्जर माय भारत अलवर, अनुराग हरित एसडीएम बानसूर, मेघा गोयल डीएसपी बानसूर के साथ ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रदीप नरवाल, साक्षी मलिक, अंतर्राष्ट्रीय कोच नरेश नरवाल, राजकुमार यादव राष्ट्रीय खिलाड़ी राजीव कुमार, दीपक नेहरा , कमल पहलवान उपस्थित रहेंगे।

# एनएलयू जोधपुर में चार दिवसीय जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**जोधपुर ( रंजन दवे )।** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर (एनएलयूजे) ने मंगलवार को जॉन एच. जैक्सन मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 17 से 20 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी एनएलयूजे दूसरी बार कर रहा है और इस वर्ष यह भारत में आयोजित होने वाले सबसे बड़े क्षेत्रीय राउंड्स में से एक है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की अग्रणी भूमिका को और मजबूत करता है। दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के संयोजकों ने इसके ढांचे और विषय-वस्तु की जानकारी दी इस अवसर पर डॉ. बिपिन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में एनएलयूजे की दीर्घकालिक नेतृत्व भूमिका का उल्लेख करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।

## शेखावत ने बुधवार को जयपुर स्थित ऊर्जा विभाग की चेयरमैन आरती डोगरा से की मुलाकात!

# बिजली लाईनों की झूलती तारों व रखरखाव हो सुनिश्चित: शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य।)।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवीसिंह शेखावत ने ऊर्जा विभाग के चेयरमैन आरती डोगरा से शिष्टाचार भेंट कर विधानसभा क्षेत्र की विधुत लाईनो से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर की और एक ज्ञापन भी सौंपा।उन्होंने बानसूर विधानसभा क्षेत्र में विधुत सप्लाई की तारों,सड़क और खेतों के समीप स्थित ट्रांसफार्मर व लाईनों के कारण हो रही



दुर्घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शेखावत ने चेयरमैन को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में लाईनों की खराब स्थिति के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्राम मोरोड़ी में खेत में काम कर रही एक महिला पर 11 केवी लाइन का तार गिरने से उसकी मृत्यु हो गई थी।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर बिजली के तार झूल रहे हैं। इसके अतिरिक्त, डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट) और बिजली लाईनें सड़क तथा आबादी वाले क्षेत्रों के समीप खतरनाक स्थिति में हैं!जिससे आमजन के जीवन को लगातार खतरा मंडरा रहा है।शेखावत ने निम्नलिखित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि हमारी सभी जायज मांगों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि हमारी पहली मांग है समस्त झूलते तारों को तत्काल ठीक किया जाए।

दूसरी मांग है सड़क एवं आबादी क्षेत्र में स्थित डीपी/लाईनों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।तीसरी मांग है जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।वहीं चौथी मांग है भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु स्थायी समाधान किया जाए।शेखावत ने अपनी मांगों में त्वरित कार्रवाई कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही,शेखावत ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में विद्युत विभाग द्वारा करवाए गए सभी कार्यों की उच्च स्तरीय जांच करवाने की भी मांग भी की है।

## रामनवमी जुलूस के रामभक्तों की पुण्यतिथि पर रक्तदान एवं नेत्र आयुर्वेदिक शिविर

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (मुकेश गोस्वामी)।** सुल्तानपुर (बडोद) क्षेत्र के कोटड़ादीप सिंह गांव में 2 साल पहले हाईटेंशन बिजली तारों से धार्मिक यात्रा रामनवमी जुलूस हादसा में शहीद हुए धर्मेंद्र यादव, ललित प्रजापत, अभिषेक नागर, की तृतीय पुण्यस्मृति पर 31 मार्च मंगलवार को ग्राम बड़ौद में रक्तदान शिविर एवं नेत्र शिविर ओर आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया जाएगा वही रक्तदान शिविर कार्यकारिणी द्वारा पोस्टर जारी करके लोगों को अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है वही आंखों से संबंधित मरीजों के लिए डॉक्टरों का परामर्श एवं आयुर्वेदिक इलाज भी शिविर में उपलब्ध करवाया जाएगा वही रक्तदान शिविर समिति ने रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं ताकि ज्यादा संख्या में रक्तदाता रक्तदान कर सके एवं चिकित्सा शिविर का मरीज लाभ उठा सके।



## सुबह 10 से शाम 6 बजे तक 15 दिनों तक आधा दर्जन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में बिजली रहेगी बन्द

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (मुकेश गोस्वामी)।** इटावा दिनांक 18 मार्च 2026 जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सब स्टेशन इटावा द्वारा पत्र जारी कर बताया की किसानो की मांग पर पिछले वर्षों की आगजनी को लेकर किसानों की फसलो मैं बिजली तारों की चिंगारी से आगजनी की घटना को लेकर बिजली विभाग इटावा द्वारा पत्र जारी कर क्षेत्र के निम्न ग्राम पंचायत विनायका अयाना, पीपल्दा, चंबलडीपरी के जीएसएसो की 33 केवी बिजली सप्लाई को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक 15 दिनों तक रेगुलर बंद करने का नियम बनाया है ताकि किसानो के खेतों में खड़ी एवं कटकर पड़ी हुई फसल में बिजली में होने वाले शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से खेतों में पिछले सालों की तरह आग ना लगे, वही आपात स्थिति जीएसएम कनिष्ठ अभियंताओ के लिए 33 केवी चालू करवाने छूट दी गई

## बांक्या गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (मुकेश गोस्वामी)।** सुल्तानपुर क्षेत्र के बांक्या गाँव में भाजपा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर ने बूथ कार्यकर्ताओ की बैठक ली.. भाजपा नेता पुरुषोत्तम गुर्जर ने बताया की भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओ को राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने की बात कही, साथ मै मृतक परिवार महेंद्र नागर के घर शोक संवेदना व्यक्त की..इस मोके पर बूथ अध्यक्ष सूरजमल शर्मा, सत्यप्रकाश नागर, रामस्वरूप गोचर, रघुनन्दन नागर. सत्यनारायण पांचाल.पुष्पदयाल गोचर, पप्पू गुर्जर, चौथमल नागर,कुश गोचर, कार्तिकेय गोचर आदि मोजूद रहे।

## मुक्तेश्वर महादेवालय मंदिर समिति अणु किरण कॉलोनी घट स्थापना के साथ होगा नवरात्र महोत्सव का प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (संजय जैन)।** रावतभाटा मुक्तेश्वर महादेवालय मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र महोत्सव महापर्व हषोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी मुकेश पुरोहित ने बताया नवरात्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। चैत्र मास एकम 19/3./2026 को प्रातः 8:30 बजे घट स्थापना मंदिर पुजारी जी द्वारा विधि विधान से संपन्न कराई जाएगी। घट स्थापना पश्चात रामायण पाठ शुरू कराया जाएगा ।जो 19 /3/2026 से प्रारंभ हो कर 27/3 /2026 तक चलेगा। 27/ 3 /2026 को प्रातः 7:00 से 8:00 तक हवन मंदिर पुजारी जी द्वारा कराया जाएगा। मंदिर परिसर में 19/ 3/.26 से 27/ 3 /2026 तक प्रतिदिन मातृशक्ति द्वारा दोपहर 12:30 बजे से 4:30 बजे तक माता रानी के भजन कीर्तन किए जाएंगे। प्रतिदिन सांय 7:00 बजे मंदिर पुजारी जी द्वारा मां भगवती की आरती की जाएगी। *हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के आगमन पर मंदिर समिति द्वारा संध्या काल में 7:00 बजे से मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा भव्य दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । आरती पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। मुक्तेश्वर महादेवालय मंदिर परिसर में नवरात्र महोत्सव में आयोजित सभी कार्यक्रमों में सभी नगरवासी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग 21-22 मार्च को, बैठक रामपुरिया बालाजी में संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी।** विश्व हिंदू परिषद के जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग की तैयारी को लेकर बैठक रामपुरिया बालाजी में आयोजित की गई।



बैठक में जिला अध्यक्ष बद्री सिंह सिसोदिया ने जानकारी दी कि 21 व 22 मार्च 2026 को रामपुरिया बालाजी में दो दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को नए दायित्व सौंपे जाएंगे तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में जिला मंत्री बालकृष्ण पंवार, जिला विशेष संपर्क प्रमुख ओम मीणा, जिला सेवा प्रमुख बद्री विशाल, जिला सहसंयोजक माखन खटीक सहित प्रखंड व नगर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन पर छात्र हेमंत का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डोडखेड़ी के छात्र हेमंत का जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने हेमंत का स्वागत व अभिनंदन कर उसकी इस उपलब्धि पर खुशी जताई। शिक्षकों ने कहा कि हेमंत की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में पूजा अग्रवाल, द्वारकी लाल गुर्जर, गोविंद सैनी, राहुल नागर सहित अभिभावक भी मौजूद रहे। सभी ने हेमंत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बूंदी में दिखा हिंदू नववर्ष का भव्य स्वरूप

# केसरिया साफे, मस्क बैंड की गूंज और उमड़ता जनसैलाब: बूंदी में ओएसडी राजीव दत्ता की मौजूदगी में मना नव संवत्सर का उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** छोटी काशी के नाम से विख्यात बूंदी की सड़कें आज उस समय भगवामय हो गईं, जब हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में विशाल शौर्य शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा और केसरिया साफे में सजे हजारों महिला-पुरुषों ने भारतीय संस्कृति के उल्लास को जीवंत कर दिया।





### शाही ठाट-बाट और सांस्कृतिक छटा

शोभायात्रा का आकर्षण और भी बढ़ गया जब मस्क बैंड की सुरीली धुन, राजसी बग्घियां और दौड़ते घोड़ों ने जुलूस में चार चाँद लगा दिए। शहर के हर कोने से 'जय श्री राम' के जयघोष और पुष्प वर्षा के बीच यह यात्रा सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनकर निकली।

### ओएसडी राजीव दत्ता ने बढ़ाया उत्साह

इस भव्य आयोजन में लोकसभा स्पीकर के ओएसडी (OSD) राजीव दत्ता विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने जनसमूह में जोश भरते हुए कहा: "हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर की तारीख बदलना नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली परंपरा और अटूट भाईचारे का प्रतिबिंब है। यह उत्सव हमें अपनी जड़ों की ओर लौटने और एकता की शक्ति को पहचानने का संदेश देता है। केसरिया साफे में सजे श्रद्धालुओं के बीच राजीव दत्ता की मौजूदगी और युवाओं का उत्साह देखने लायक था। देर शाम तक चले इस उत्सव ने पूरे बूंदी को एक सूत्र में पिरो दिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, पूर्व जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी बिल्या, युवा नेता भरत शर्मा, महावीर मोदी, राकेश बॉयत, पूर्व जिला प्रमुख आशा मीणा, समता दाधीच, निर्मला नामा सहित कई महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: ट्रक यूनियन में कचरा जलाने पर संवेदक पर लगाया जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नगर परिषद ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। ट्रक यूनियन परिसर में अवैध रूप से कचरा डंप करने और उसमें आग लगाकर वायु प्रदूषण फैलाने के मामले में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी संवेदक (ठेकेदार) पर शास्ति (जुर्माना) आरोपित की है।



### एडीएम ने स्वयं किया औचक निरीक्षण

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ ट्रक यूनियन क्षेत्र का मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान वहां कचरे के ढेर और उसे जलाए जाने के प्रमाण मिले, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। एडीएम ने हालात का बारीकी से जायजा लेते हुए संवेदक को सख्त हिदायत दी कि ट्रक यूनियन से सारा कचरा तत्काल हटाकर उसे निर्धारित डम्पिंग यार्ड में पहुँचाया जाए। संवेदक पर शास्ति और सख्त निर्देश नगर परिषद आयुक्त आशा मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि तय स्थान के बजाय सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालने और नियमों का उल्लंघन करने पर संवेदक के विरुद्ध जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई है। साथ ही ठेकेदार को भविष्य के लिए पाबंद किया गया है कि: ट्रक यूनियन या किसी भी अन्य अनाधिकृत स्थान पर कचरा डालना वर्जित होगा। शहर का सारा कचरा केवल ग्राम धनातरी में आवंटित आधिकारिक भूमि पर ही निस्तारित किया जाएगा। पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाली किसी भी गतिविधि, जैसे कचरे में आग लगाना, पर पूर्णतया रोक रहेगी।

### स्वच्छता से समझौता नहीं

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ठोस कचरा प्रबंधन के नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर को स्वच्छ रखने और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर परिषद लगातार निगरानी रख रही है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद शैलेश सोनी , प्रेम प्रकाश एवरग्रीन सफाई जमादार राजकुमार सांखला सही कई प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे

## पेपर देने आ रहे छात्र की दर्दनाक मौत आगे चल रहे वाहन में घुसी बाइक

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/खैराबाद।** बुधवार सुबह झालरापाटन के खानपुरिया मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय कॉलेज छात्र अभिषेक गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 8 बजे कपास्या कुएं के पास हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, सड़क पर आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन के सामने अचानक कुछ जानवर आ जाने से चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आ रहा अभिषेक संतुलन नहीं संभाल सका और उसकी बाइक सीधे आगे चल रहे वाहन में जा घुसी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अभिषेक खैराबाद का निवासी और बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। वह अपने बड़े पापा के यहां शादी समारोह में बैरागढ़ गया हुआ था और वहां से रामगंजमंडी के मारुति नगर स्थित कॉलेज में पेपर देने आ रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। अभिषेक गुप्ता, सोहन लाल गुप्ता के पुत्र थे। वे अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे और उनकी एक छोटी बहन भी है, जो पढ़ाई कर रही है। परिजनों के अनुसार, परिवार कुछ वर्षों पहले रोजगार के चलते खैराबाद में आकर बस गया था। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है



## जांगड़ा पोरवाल समाज के आराध्य देव राजा टोडरमल की जयंती धूमधाम से मनाई

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (संजय जैन)।** रावतभाटा दिनांक 18 मार्च बुधवार को पोरवाल समाज के आराध्य देव टोडरमल जी महाराज की जयंती नाहर सिंह माता मंदिर पर बड़ी धूमधाम से मनाई गई। समाज के अध्यक्ष महेश पोरवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ टोडरमल जी के तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओ और युवाओं के विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ और उसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरुस्कार दिए गए।इस दौरान फूलो की होली खेली गई । इस मौके पर गिरधारी लाल सेठिया,राधेश्याम गुप्ता, दिनेश चौधरी,किशोर चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, मुकेश गुप्ता,दिनेश पोरवाल,दिलीप पोरवाल,जगदीश काला,राकेश सेठिया,प्रमोद गुप्ता,रौनक चौधरी,पंकज गुप्ता,सुनील गुप्ता, शुभम गुप्ता,उज्ज्वल पोरवाल, दीपक सेठिया,अनिता चौधरी,सुनीता चौधरी,रेखा गुप्ता,कृष्णा गुप्ता,मीना चौधरी, रेखा पोरवाल, रिंकू सेठिया,खुशबू पोरवाल, आकांशा चौधरी आदि समाजजन मौजूद थे।



## वन विभाग द्वारा RFBDP के अंतर्गत VFPMC प्रशिक्षण एवं पंच गौरव कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (मुकेश गोस्वामी)।** खातोली दिनांक 17 मार्च 2019 को वन विभाग द्वारा उप वन संरक्षक अपूर्वा कृष्णा श्रीवास्तव के निर्देशन में राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP) के अंतर्गत ग्राम वन संरक्षण एवं प्रबंधन समिति (VF-PMC) सदस्यों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं पंच गौरव कार्यक्रम के प्रति जन-जागरूकता के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पंच गौरव कार्यक्रम अंतर्गत खैर के पौधों के विकास एवं प्रचार-प्रसार के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम में रेंज ऑफिसर के मार्गदर्शन में के माध्यम से वन विभाग की योजना के माध्यम से संबंधित गांवों के विकास, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत खैर के पौधों के महत्व एवं संवर्धन संबंधी जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। खातौली रेंज के गोरधनपुरा, जाटवड़ी, बलूपा, असीदा, नीमसारा, मियाना गांव की ग्राम वन संरक्षण एवं प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं समिति सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला परियोजना समन्वयक फारुख मोहम्मद रंगरेज ने प्रशिक्षण के दौरान माइक्रो प्लान तैयार करने की प्रक्रिया, VFPMC पंजीकरण की आवश्यकता एवं प्रक्रिया तथा राजीविका के स्वयं सहायता समूह (SHG) को RFBDP के माध्यम से लाभान्वित करने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत खैर पौध वितरण की योजना एवं संबंधित फोटो प्रलेखन (डॉक्यूमेंटेशन) के विषय में चर्चा की गई। प्रतिभागियों को RFBDP योजना के लाभों के प्रति जागरूक करते हुए वन संरक्षण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया तथा राजीविका के चयनित समूहों की महिलाओं से भी चर्चा की गई।अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए परियोजना गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया तथा पंच गौरव कार्यक्रम के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में PFT मेम्बर हरीश राठौर एवं मनीष गोचर (CDO) द्वारा SHG को प्राप्त होने वाले लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। खातौली रेंज के अंतर्गत सभी VFPMC



## सहायक जमादार पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की उठी मांग

# सफाई कर्मचारियों का उग्र प्रदर्शन, कई कार्यालयों में सौंपे ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** शहर में गत दिनों इंद्रपुरा सफाई सेक्टर पर नगर पालिका के सहायक जमादार पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना से आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले व्यापक विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 मार्च को सुबह करीब 10 बजे नगर पालिका लाखेरी में कार्यरत सहायक जमादार विशाल अपने नियमित कार्य से इंद्रपुरा पर तैनात थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमले में उनके सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सक ने घायल के गंभीर होने के चलते कोटा रैफर कर दिया था। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ प्रदेश महामंत्री एलची राम भारती व शाखा लाखेरी अध्यक्ष विष्णु कुमार ने बताया कि घटना के करीब 16 दिन भी बीत जाने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने पर आक्रोशित सफाई कर्मचारी व वाल्मीकि समाज के लोगों ने घटना के विरोध में संगठित होकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी कर्मचारी बस स्टैंड से एकत्रित होकर जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान "हमलावरों को गिरफ्तार करो" और "कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करो" जैसे नारे लगाए गए। उपखंड कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की।



इसके पश्चात प्रदर्शनकारी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां अधिशाषी अधिकारी नरेश राठौर को ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने नगर पालिका प्रशासन से भी इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए उच्च स्तर पर कार्रवाई करवाने की मांग की।प्रदर्शन यहीं समाप्त नहीं हुआ। कर्मचारी पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचे और वहां भी ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। इसके बाद सभी कर्मचारी स्थानीय थाने पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन देते हुए कहा कि यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं कर्मचारियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। यदि दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो कर्मचारी सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। संघ ने चेतावनी दी है कि आगामी दिनों में धरना, प्रदर्शन, कार्य बहिष्कार और हड़ताल जैसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन और पुलिस विभाग की होगी।वहीं, स्थानीय पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# राजस्थान संपर्क पर नागरिक संतुष्टि स्तर ऑल टाइम हाई लेवल पर मार्च 2026 में सिटीजन संतुष्टि स्तर 80 प्रतिशत से अधिक पहुंचा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर मंत्रीगण एवं एसीएस से शासन सचिव स्तर के अधिकारी संपर्क हेल्पलाइन (181) का कर रहे नियमित दौरा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पारदर्शी, जवाबदेह एवं नागरिक-केंद्रित शासन की दिशा में राजस्थान ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। प्रदेश की नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था के तहत संचालित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर परिवादों का द्रुत गति से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में मार्च 2026 में लोक शिकायतों के निस्तारण में नागरिक संतुष्टि का स्तर ऑल टाइम हाई लेवल 80 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जो पूर्व माह के लगभग 69.54 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

राजस्थान सरकार लोक शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पूर्णत प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा कई बार स्वयं राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण कर परिवादियों से सीधा संवाद स्थापित कर चुके हैं, वे पूर्व में निस्तारित प्रकरणों में दी गई राहत एवं समाधान का नियमित फीडबैक ले रहे हैं तथा उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। पिछले दिनों में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने भी राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का दौरा कर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद कर फीडबैक लिया है।



### विभागों के प्रभारी सचिव नियमित कर रहे संपर्क हेल्पलाइन (181) का दौरा

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने लोक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के प्रभारी सचिवों को एक परिपत्र जारी कर 4 मार्च से 28 अप्रैल तक राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर निर्धारित तिथियों में स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों की अनुपालना में सभी विभागों के प्रभारी एसीएस से शासन सचिव स्तर के अधिकारी राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) केन्द्र पर निर्धारित तिथियों में स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से कॉल पर वार्ता कर फीडबैक ले रहे हैं। इस पहल के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई, तथ्यात्मक समीक्षा तथा त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान में लगातार सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

### क्रांतिकारी सुधारों को मिल रही उल्लेखनीय गति

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि नागरिक-केंद्रित शासन राज्य सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है और राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) ने नेक्स्ट जन जन संपर्क के रूप में प्रौद्योगिकी के माध्यम से नागरिकों एवं सरकार के बीच की दूरी को काफी कम कर दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) में क्रांतिकारी सुधारों को उल्लेखनीय गति प्रदान की जा रही है। सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव से शासन सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन राजस्थान संपर्क केंद्र का दौरा कर नागरिकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। इससे शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा रहा हैं।

### एक दिन में 25,254 प्रकरणों का निस्तारण

उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 2026 को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर दैनिक शिकायत निस्तारण का ऑल टाइम हाई लेवलश, 25,254 प्रकरण दर्ज किया गया था। इस दिन दर्ज शिकायतें सिर्फ 11,788 थीं, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश में शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही, औसत निस्तारण अवधि घटकर 7 दिवस रह गई है, जो शिकायतों के तेजी से हो रहे समाधान को दर्शाता है। राजस्थान सरकार का यह प्रयास नागरिकों की आवाज को सीधे सरकार तक पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का घर बैठे समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के नागरिक राजकीय विभागों से जुड़ी अपनी किसी भी परिवेदना के लिए टोल-फ्री नंबर 181 पर कॉल करें या राजस्थान संपर्क पोर्टल अथवा ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

# राजस्थान दिवस समारोह के उपलक्ष में उद्यमी संवाद आयोजित

## मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से संवाद कर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सौंपे चैक



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस समारोह की श्रृंखला में बुधवार को जयपुर स्थित राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में उद्यमी संवाद समारोह को संबोधित किया जिसमें वर्चुअल माध्यम से जिले के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं उद्यमियों ने कलेक्ट्रेट सभागार से जुडकर भागीदारी निभाई।

मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह के तहत उद्यमियों से सीधा संवाद किया तथा उद्योगों को बढावा देने के लिये 3 नवीन नीतियों को लॉन्च किया। जिनमें इन्ड्रस्ट्रीयल पाक प्रमोशन नीति 2026, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी तथा राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2026 का लॉन्च किया। समारोह में 2026 करोड रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 119 करोड रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। जयपुर में समारोह को उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके विश्नोई सहित प्रमुख उद्यमियों ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री द्वारा समारोह में जिले से एकीकृत कलस्टर विकास भोजन, अतंर्गत पहाड़पुर सीएनसी आर्ट फाउण्डेशन, सीएफसी सेन्टर बयाना को 3.5 करोड़ रूपये का चैक, मुख्यमंत्री युवा, स्वरोजगार योजना अतंर्गत लाभार्थी उद्यमी सिम्मी भरतपुर को 9.5 लाख रूपये का चैक राज्य स्तर पर वितरित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल समारोह में जिला कलक्टर कमर चौधरी, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, उद्योग संघ बृज उद्योग संघ के अध्यक्ष विनीत गोयल, चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कुष्ण मुरारी अग्रवाल, फेर्टी के अध्यक्ष अनुराग गर्ग, राधेश्याम गोयल, देवेन्द्र चामड सहित जिलेभर के उद्यमी उपस्थित रहे।

# जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत एक दिवसीय दौरे पर आज भरतपुर में

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी श्री सुरेश सिंह रावत एक दिवसीय दौरे पर 19 मार्च गुरूवार को भरतपुर आएंगे। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि जिला प्रभारी मंत्री दोपहर 1:35 बजे भरतपुर पहुंचेगे, इसके पश्चात दोपहर 2:30 कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेगे। उन्होंने बताया कि श्री रावत सांय 5 बजे हाल ही में प्रस्तुत राज्य बजट के प्रमुख प्रावधानों एवं पहलों के संबंध में पत्रकारों से सर्किट हाउस में रूबरू होगें। सांय 6:30 किशोरी महल प्लाजा में राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शामिल होगें, इसके पश्चात प्रभारी मंत्री जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# रसद विभाग की टीम ने 28 अवैध गैस सिलेण्डर किये जप्त

## वर्तमान में घरेलू सिलेण्डरों का पर्याप्त भण्डार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर जिले में वर्तमान में घरेलू गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त स्टॉक है, सभी गैस एजेन्सीओं द्वारा बुकिंग प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान स्टॉक की उपलब्धता एवं नियमित खपत के सन्दर्भ में उपलब्धता संतोषजनक होने के तथ्य को सुनिश्चित किया गया है। बुधवार को रसद विभाग की टीम द्वारा 28 अवैध गैस सिलेण्डर जप्त किये गये। जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि गैस की आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने हेतु गठित विशेष प्रवर्तन दल द्वारा प्रभावी रूप से निगरानी रखी जा रही है। बुधवार को निठार ईण्डेन गैस एजेन्सी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में 4752 गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हुई एवं 5289 गैस सिलेण्डरों का उपभोक्ताओ को वितरण किया गया तथा 6095 गैस सिलेण्डरों का स्टॉक बुधवार 18 मार्च को वितरण के लिये गैस एजेन्सीयों पर उपलब्ध है। तेल कम्पनीओ द्वारा भी जिले में गैस सिलेण्डरों की नियमित आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को भरतपुर नगर निगम क्षेत्र में छापे मारकर कुल 28 सिलेण्डर जप्त किये गये। कृष्णा स्वीट कुम्हेर गेट से 2, रोयल पेंट एवं हार्डवेयर कुम्हेर गेट से 4 एवं नीमदा गेट निवासी राजेन्द्र प्रसाद के घर से 22 सिलेण्डर जब्त किये गये।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा को कार्यशैली एवं कामकाज के लिए मिली फाइव स्टार रेटिंग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान द्वारा अभी हाल ही में राजस्थान के समस्त जिला अध्यक्षों के कामकाज के लिए गठित मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा को पार्टी हाईकमान द्वारा फाइव स्टार रेटिंग दी गई है।

कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के दौरान बनाए गए राजस्थान के समस्त 50 जिला अध्यक्षों की कार्यशैली एवं कामकाज की पार्टी हाईकमान द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा की कार्यशैली एवं कामकाज को फाइव स्टार रेटिंग मिली है। भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी को मिली इस उपलब्धि पर प्रदेश एवं जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संतोष व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है ।तथा दिनेश सूपा को बधाइयां प्रेषित की हैं। जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय जिले के समस्त कांग्रेसजनों को देते हुए कहा कि टीम वर्क के बिना कोई भी उपलब्धि हासिल नहीं की जा सकती। यह उपलब्धि समस्त कार्यकर्ता बंधुओं द्वारा मिले निरंतर सहयोग एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर श्री सूपा ने जिले के समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।

बधाईयां देने वालों में मुख्य रूप से साहब सिंह एडवोकेट,चुन्नी कप्तान, राजू प्रधान,श्रीभगवान कटारा, योगेश सिंघल, मनोज पटेल,मनोज शर्मा, रामेश्वर सैनी, दयाचंद पचौरी, हरस्वरूप सरपंच, दीनदयाल जाटव, जगदीश बंजी,हरिसिंह नागर,गजेंद्र सिंह, झमोली पटेल, रविंद्र परमार, सुगड़ खैरा, महेश मीणा, मुकेश पप्पू, हरजीत सांखला, शहीद



खान, बबीता शर्मा, निरंजन जघीना, संजीव चौधरी, सुभाष कुंतल, राजेश बाल्मीकि,केके उपाध्याय,अवधेश शर्मा,चंद्रकांत शर्मा, विजेंद्र चीमा, दिगम्बर खटाना, अशोक तांबी, लोकपाल सिंह,अभिषेक जैन,राजेंद्र सारस्वत, हंसराम गुर्जर,हरिमोहन शर्मा, मुस्ताक अहमद, सतपाल सरदार, पुष्पेंद्र करीली,ओमप्रकाश प्रजापति सहित काफी कार्यकर्ता शामिल थे।

# हनुमान बेनीवाल अफीम खाकर घूमते हैं - पंडित रामकिशन

## इंटरकास्ट मैरिज पर राजाराम मील ने किया पलटवार

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)** समाजवादी नेता व भरतपुर सांसद रहे पंडित रामकिशन ने कहा कि उन्होंने 1948 में ही कांग्रेस छोड़ दी थी और समाजवाद की राह पर चल निकले थे। वे 1977 के लोकसभा चुनाव का किस्सा सुनाते हैं।

किस्सा कुछ इस प्रकार है- उन दिनों राज बहादुर बड़े कांग्रेसी नेता थे। जब हम नौजवान थे तो अधिकतर युवा उन्हें अपना नेता मानते थे। मैं 1948 में कांग्रेस छोड़ चुका था, इसलिए राज बहादुर से ज्यादा मिलना-बोलना नहीं था। 1977 के लोकसभा चुनाव में वे केंद्र में मंत्री थे और मैं जेल से छूटा ही था। भरतपुर सीट पर राज बहादुर के खिलाफ कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं। मैंने जनता पार्टी के टिकट पर उनके खिलाफ चुनाव लड़ा।

चुनावी माहौल में अलवर के लक्ष्मणगढ़ में एक अहम मीटिंग थी। मैं कठूमर से निकला। निकलते ही मेरी गाड़ी खराब हो गई। मुझे लगा कि अब मीटिंग फेल।

तभी राज बहादुर की गाड़ी उधर से निकली। मुझे सड़क पर देख उन्होंने पूछा- क्या हुआ? मैंने कहा-गाड़ी खराब हो गई। वे बोले- मेरे साथ चलो। मैंने कहा- नहीं, गलत मैसेज जाएगा। राज बहादुर की शालीनता देखिए कि लक्ष्मणगढ़ जाते ही उन्होंने मिस्त्री भेजा। मेरी गाड़ी ठीक हुई और मैं सही समय पर मीटिंग में पहुंच सका। उस चुनाव में मैंने राज बहादुर को बड़े अंतर से हराया था। आज की राजनीति का हाल यह है कि अगर मैं सड़क पर अकेला खड़ा मिल जाता तो मदद तो दूर, विरोधी प्रत्याशी मेरा एक्सीडेंट करके निकल जाता।

### अंतरजातीय विवाह पर घमासान

जमाना तेजी से बदल रहा है। विवाह में जाति के बंधन टूट रहे हैं। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल को इस बात से पीड़ा है। नागौर में नेताजी के छोटे भाई और खींवसर के पूर्व विधायक नारायण बेनीवाल के बेटे के लेफ्टिनेंट बनने की खुशी में पारिवारिक कार्यक्रम किया गया था। नेताजी नीला सूट पहकर परिवार के कार्यक्रम में शामिल हुए। समाज के बंधुओं को देख उन्होंने अपने मन की पीड़ा बयान करना शुरू किया। उन्होंने कहा- मैं अंतरजातीय विवाह के खिलाफ नहीं हूं। जो कर रहे हैं उनकी मर्जी। बस मैं इसका समर्थन नहीं करता। बड़े लोग दूसरी जाति में विवाह कर लेते हैं। गरीब आदमी जीमण और डांस में रह जाता है।

# जिला अस्पताल डीग का शिलान्यास आज

## गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म होंगे मुख्य अतिथि तथा विधायक डॉ. शैलेश सिंह करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/डीग (घनश्याम अवस्थी)।** डीग जिले के आमजन को सर्वसुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 19 मार्च गुरूवार को दोपहर 1 बजे बहताना रोड, डीग में नवीन जिला अस्पताल का शिलान्यास समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस बहुप्रतीक्षित शिलान्यास समारोह में राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीग-कुम्हेर क्षेत्र के विधायक डॉ. शैलेश सिंह द्वारा की जाएगी, जबकि कामां विधायक सुश्री नौक्षम चौधरी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

डीग में नवीन जिला अस्पताल के निर्माण से क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ता मिलेगी और आमजन को स्थानीय स्तर पर ही अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं सुलभ हो सकेंगी, जिससे उन्हें इलाज के लिए अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस गरिमामयी आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

# वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा 21 मार्च को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** अंतरराष्ट्रीय वैशय महासम्मेलन जिला युवा इकाई, भरतपुरएवं गीतांजलि हॉस्पिटल, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 21 मार्च शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला, खिरनी घाट, भरतपुर में आयोजित होगा। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों को परामर्श दिया जाएगा। साथ ही ब्लड शुगर (डायबिटीज) एवं ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस दौरान जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जनरल सर्जरी से संबंधित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है ।कार्यक्रम के संयोजक मनीष गर्ग अध्यक्ष एवं एडवोकेट अभिषेक जैन महामंत्री ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक एवं जनसेवा कार्य आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# नीमकाथाना में बंदर के हमले में बच्चा घायलस्थानीय बोले-कई लोगों पर हो चुके है हमला, स्थायी समाधान की मांग

बढ़ता राजस्थान

**नीमकाथाना( नि.स. )।** नीमकाथाना के रावजी का मोहल्ला में बंदरों के बढ़ते आतंक से स्थानीय लोग परेशान हैं। हाल ही में एक बच्चे पर बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने तुरंत बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। गनीमत रही कि बच्चे को गंभीर चोटें नहीं आईं। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है।

### लोग बोले-कई लोगों पर बंदर कर चुके हैं हमला

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी बंदर दो अन्य लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं। बंदर अक्सर घरों की छतों और गलियों में घूमते रहते हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को बाहर निकलने में डर लगता है। कई बार बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान भी उठा ले जाते हैं। इस लगातार बढ़ती समस्या के कारण मोहल्ले में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# शिक्षा में कोई भी विद्यार्थी पीछे ना रहे : तरूण अग्रवाल

## भामाशाह तरूण अग्रवाल ने कराई स्कूल फीस जमा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)** स्वास्थ्य मंदिर द्वारा चल रहे शिक्षामित्र प्रकल्प के अंतर्गत तरुण टाइल्स के निदेशक तरुण अग्रवाल द्वारा श्री चुन्नीलाल चावला आदर्श विद्या मंदिर रणजीत नगर स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा रिद्धिका की फीस जमा कराई गई। स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा शर्मा ने बताया कि स्कूल में कुछ छात्राएं जो मेघावी है परंतु उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह अपनी फीस जमा करने में असमर्थ हैं। भामाशाह तरुण अग्रवाल ने कहा कि जिन जरूरतमंद व मेधावी छात्रों की फीस की मदद होगी वह जरूर करेंगे ताकि शिक्षा में कोई भी विद्यार्थी पीछे ना रहे। शिक्षामित्र प्रभारी हेमलता सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंदिर द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की फीस में मदद की जाती रही है शिक्षामित्र द्वारा इस वर्ष करीब 15 से अधिक विद्यार्थियों की फीस जमा कराई जा चुकी है।

# सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मधु खंडेलवाल को महिला सशक्तिकरण एवं समाज सेवा के लिए किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( मोहित जैन )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग, अजमेर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मधु खंडेलवाल को महिला सशक्तिकरण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिले में महिला एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र , ट्रॉफी एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

डॉ. मधु खंडेलवाल को यह सम्मान उनके द्वारा समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने तथा निरंतर सामाजिक जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने साहित्य एवं सामाजिक सरोकारों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है, जो समाज के लिए अत्यंत सराहनीय है। उन्हें यह सम्मान महिला अधिकार महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन द्वारा प्रदान किया गया।




## खाद्य सुरक्षा के प्रशिक्षण में बनाया विश्व रिकॉर्ड

# दो दिन में 48 हजार फूड हैंडलर्स को दिया प्रशिक्षण



**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिलावट के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। चिकित्सा मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय ने मात्र दो दिनों (17 एवं 18 मार्च) में 48 हजार से अधिक खाद्य कारोबारियों एवं संबंधित व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उल्लेखनीय है कि पहले ही दिन 30 हजार से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया, जो भी एक रिकॉर्ड है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि इस उपलब्धि को वर्ल्ड बुक आफ रिकॉर्ड्स लंदन में दर्ज किया गया है।

# उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया भीलवाड़ा दौरा, अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्य के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा बुधवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की बजट घोषणाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं को जनहित



से जुड़ा बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

समीक्षा के दौरान डॉ. बैरवा ने विभिन्न विभागों की प्रगति पर चर्चा करते हुए धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी लाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परियोजना में लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही, भूमि, स्वीकृति या तकनीकी अड़चनों को तत्काल प्रशासन के समक्ष रखकर शीघ्र समाधान करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर जिले के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में बजट घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। साथ ही, विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह, नगर विकास न्यास के सचिव ललित गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उल्लेखनीय कार्यो हेतु वंडर मेवाड़ गौरव सम्मान से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** वंडर सीमेंट लि., निम्बाहेड़ा के नींव इनीशिएटिव के अन्तर्गत यूनिट हेड नितिन जैन के मार्गदर्शन में संचालित किसान विकास कार्यक्रम में परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिये करवाये गये उल्लेखनीय कार्यो हेतु वडंर सीमेंट लि. को फर्स्ट इंडिया द्वारा चित्तौड़गढ़ में आयोजित ''मेवाड़ गौरव सम्मान समारोह - 2026'' में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार गौतम कुमार दक, सांसद चित्तौड़गढ़ सी. पी. जोशी, विधायक निम्बाहेड़ा श्रीचंद कृपलानी, विधायक चित्तौड़गढ़ चंद्रभान सिंह आक्या, विधायक कपासन अर्जुनलाल जीनगर, पुर्व मंत्री राजस्थान सरकार उदयलाल आंजना, सी.ई.ओ. पवन अरोड़ा द्वारा सी.एस.आर. विभाग के राहुल व्यास को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बद्रीलाल जाट, जिला अध्यक्ष कांग्रेस प्रमोद सिंह सिसोदिया उपस्थित थे। इस अवसर पर वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड नितिन जैन ने बताया कि किसानों को आधुनिक तरीके की कृषि से जोड़ने की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। किसान भाईयों को कृषि आय में वृद्धि हेतु नवीन कृषि तकनिक एवं कृषि वैज्ञानिकों से विज्ञान के नवाचारों की विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाना तथा ए.आई. आधारित खेती के तरीके को समझाना, ओर्गेनिक कृषि, ग्राफ्टेड सब्जी उत्पादन, पशु पालन की अत्याधुनिक तकनिक से परिचय, मक्का की उत्पादन क्षमता बढ़ाने जैसे विषयों पर समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा हैं।

## लाखों की लागत से नवनिर्मित विश्रांति गृह का कपासन के मोक्षधाम में हुआ विधिवत लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर में राजराजेश्वर तालाब किनारे स्थित मोक्षधाम परिसर में श्री रामलालजी सोमानी धर्मशाला के ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित विश्रांति गृह का क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर एवं समीपवर्ती श्री सांवलिया धाम मूंगाना के महंत अनुजदास की उपस्थिति में बुधवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री रामलालजी सोमानी धर्मशाला के ट्रस्ट कपासन द्वारा जनहितार्थ करीब 25 लाख रु. की लागत से मोक्षधाम परिसर में विश्रांति गृह का निर्माण कराया गया है। जिससे अंतिम यात्रा में आगंतुक जनमानस एवं मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीरों को प्रत्येक मौसम में छाया रूपी विश्राम उपलब्ध हो सके।साथ ही नगर पालिका कपासन द्वारा मोक्षधाम परिसर में टिन शेड,बावड़ी जीर्णोद्धार सहित बैठने की माकूल व्यवस्था हेतु ग्रेनाइट बेंच एवं दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग का कार्य कराया गया। उक्त विकास कार्यों का क्षेत्रीय विधायक जीनगर,महंत अनुजदास सहित क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधिवत लोकार्पण किया गया। इधर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय ने बताया कि इस लोकार्पण कार्यक्रम में नगर पालिका कपासन निवर्तमान अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नन्दकिशोर टेलर, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रमोद बारेगामा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोमानी,भाजयुमो अध्यक्ष विकास बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभुलाल बागड़ा, निवर्तमान नगर पालिका कपासन पार्षद मुकेश पलोड़, देवेंद्र सोमानी, जिनेंद्र कोठारी, तुलसीराम माली,राजेश माली, शिवलाल माली, प्रभु माली, रतनलाल आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा में आज सजेगा 'भारतीय संस्कृति संगम मेला', शहरभर में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल एकम् विक्रम संवत 2083 के अवसर पर आज शहर में भव्य भारतीय संस्कृति संगम मेला आयोजित किया जा रहा है। भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन के तहत शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समिति के संयोजक रामनरेश विजयवर्गीय ने बताया कि चैत्र शुक्ल एकम् का भारतीय संस्कृति में विशेष धार्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक महत्व है।

## प्रदेश में बढ़ती महंगाई के विरोध में धरना प्रदर्शन एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर कांग्रेस ने कपासन में जताया तीव्र आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रदेश में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन सहित कांग्रेस द्वारा आयोजित सभा में महंगाई को लेकर तीव्र रोष व्यक्त किया गया।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष कपासन एवं अधिवक्ता पवन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया की अगुवाई में ब्लॉक कांग्रेस कपासन ए-बी एवं नगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की संयुक्त सभा का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित वक्ताओं द्वारा महंगाई सहित विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश सरकार को असफल बताते हुवे तीव्र रोष व्यक्त किया गया। इसके उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राजमार्ग पर मानव श्रृंखला बनाकर नारेबाजी करते हुवे



प्रदर्शन सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया गया।

इस दौरान कांग्रेस प्रदेश सचिव ललित बोरीवाल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कपासन नारायणलाल जाट, ब्लॉक बी अध्यक्ष पुरुषोत्तम टांक, कार्यकारी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ममतेश शर्मा, विक्रम सिंह, उमेश आगाल, सेवादल जिला अध्यक्ष गौतम विजयवर्गीय, सेवादल प्रदेश सचिव मोहनलाल गाडरी, पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नगर अध्यक्ष कपासन एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, अधिवक्ता गोवर्धन सिंह गिलुण्डिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चाष्टा, प्रमोद मोदी, अख्तर अली, सूर्यप्रकाश सिरोया, जसवंत जायसवाल, लोकेश राव, भेरूलाल पुर्बीया, रोशनलाल सोनी, सतीश नंदवाना, प्रकाश व्यास, श्यामलाल चोटिया, मोहनलाल जाट (कंवरपुरा, किशनलाल जाट हीराजी का खेड़ा, चमन खटीक, शोभालाल जाट, कैलाश गाडरी, रतनलाल अहीर, संग्राम सिंह, रोशनलाल जाट आरणी,फिरोज अली, आसीफ इकबाल, पवन जायसवाल, ओम जायसवाल, सम्पत अहीर, प्रकाश जाट दामाखेड़ा, किशनलाल साहु, सुनील साहु, छगनलाल रेगर, जोगेन्द्र सिंह, रोहित कोदली आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश व्यास द्वारा किया गया।

## रेल परिचालन में सुरक्षा को बढ़ावाः मंडल पर स्थापित किए गए 11 'हॉट एक्सेल बॉक्स डिटेक्टर'

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( मोहित जैन )।** अजमेर मंडल रेल प्रशासन द्वारा रेल परिचालन में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंडल पर अत्याधुनिक तकनीक का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में, अब तक विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर 11 'हॉट एक्सेल बॉक्स डिटेक्टर' (एचएबीडी) सफलतापूर्वक लगाए जा चुके हैं। हॉट एक्सल (पहियों के धुरों का अत्यधिक गर्म होना) रेल दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में से एक माना जाता है। यह उपकरण चलते हुए रोलिंग स्टॉक के पहियों के तापमान की निगरानी करता है। यदि किसी कोच या वैगन का एक्सल निर्धारित सीमा से अधिक गर्म पाया जाता है, तो यह सिस्टम उसे तुरंत भांप लेता है। इस प्रकार हॉट एक्सेल बॉक्स डिटेक्टर के उपयोग से हादसों पर लगाम भी लगती है। यह सिस्टम क्लाउड आधारित रियल-टाइम अलर्ट भेजता है। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता इसकी 'क्लाउड कनेक्टिविटी' है। जैसे ही हॉट एक्सल की पहचान होती है, सिस्टम क्लाउड के माध्यम से कंट्रोल ऑफिस को तुरंत एक अलर्ट भेजता है। इससे कंट्रोलर और तकनीकी टीम को पलक झपकते ही जानकारी मिल जाती है कि किस ट्रेन के किस डिब्बे में गड़बड़ी है। मंडल रेल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा का कहना है कि तकनीक के इस समावेश से न केवल रेल यात्रा अधिक सुरक्षित हुई है, बल्कि ट्रेनों के समयपालन (पंचुअलिटी) में भी सुधार आता है ।

## स्थायी पूर्ण दिव्यांग कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति में आयु सीमा के मुद्दे पर सरकार अपना रुख स्पष्ट करे - कोठारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान में स्थायी पूर्ण दिव्यांग घोषित सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने से जुड़े नियमों को लेकर राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वो अपना रुख स्पष्ट करे ताकि पात्र व्यक्तियों को लाभ मिल सके। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से व्यक्तिगत भेंट करते हुए पत्र देकर प्रदेश में स्थायी पूर्ण दिव्यांग सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति नियम 2023 के तहत आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित होने के कारण कई आवेदनों को निरस्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने जानकारी मांगी कि क्या आयु सीमा को संशोधित कर इसे सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष तक लागू करने पर विचार किया जा रहा है। विधायक कोठारी ने 2 सितंबर 2024 को जारी परिपत्र में 26 अप्रैल 2023 से पूर्व दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में मेडिकल बोर्ड प्रमाण-पत्र के आधार पर प्रकरण स्वीकार करने का प्रावधान किया गया, लेकिन इसमें 55 वर्ष की आयु सीमा का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। इस स्थिति में सरकार का क्या रुख है, इसे स्पष्ट करने की मांग की है।

## श्री कालभैरव देव स्थल पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव 19 से

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** बोजुन्दा पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थित श्री कालभैरव (श्री काला जी बावजी) देव स्थल पर गुरुवार को प्रातः 11बजे से चैत्र नवरात्रि महोत्सव प्रारंभ होगा। नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन सुबह-शाम आरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए भोपाजी बाबूलाल जी जटिया सतखंडा ने बताया कि श्री काल भैरव मंदिर पर नवरात्रि महोत्सव के तहत 19 से 27 मार्च तक विभिन्न आयोजन होंगे।

## अपराध पर सख्तीः एसपी की गोष्ठी में चोरी व नशा तस्करी पर कड़ा एक्शन के निर्देश

### रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्धों की जांच और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में बुधवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिले की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण के लिए अहम दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा सहित जिले के सभी वृत्ताधिकारी, थानाधिकारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे गोष्ठी के दौरान जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। एसपी ने निर्देश दिए कि रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए, संदिग्ध व्यक्तियों की



नियमित जांच हो तथा पूर्व में चोरी के मामलों में शामिल अपराधियों की सतत निगरानी रखी जाए।

संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश भी दिए गए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त रुख अपनाते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, वारंटों की तामीली, गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश और महिला एवं बाल अपराध से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने अधिकारियों को आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने और जनसहयोग से अपराध नियंत्रण को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भाजपा के एक दिवसीय आवासीय शिविर में उत्साहपूर्वक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भाजपा प्रदेश के निर्देशानुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं हेतु एक दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका 17 मार्च सायं 4 बजे से 18 मार्च बुधवार सायं 4 बजे तक नगर के चुंगीनाका मार्ग स्थित एस.आर. वाटिका में आयोजन किया गया। उक्त आवासीय शिविर में शक्ति केन्द्र संयोजक,मंडल कार्यकारिणी, बूथ अध्यक्ष,मंडल मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।यहां एक दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य संगठन को मजबूत तथा कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता लाना एवं कार्य पद्धति को प्रभावी बनाना रहा।

इस एक दिवसीय आवासीय शिविर में विधायक अर्जुनलाल जीनगर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय, निवर्तमान नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, शनिमहाराज मंडल अध्यक्ष रतन नाथ, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, पूर्व ग्रामीण मंडल



अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, जीएसएस कपासन अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रमोद बारेगामा, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव, मांगी लाल अहीर, अधिवक्ता राधेश्याम वैष्णव आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अतिथि रूप में उपस्थित रहे।

इधर भाजपा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कपासन में आयोजित एक दिवसीय आवासीय शिविर में उपस्थित वक्ताओं द्वारा सत्र आयोजित किये गये। जिसके प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता श्रवण सिंह राव द्वारा वैचारिक अधिष्ठान पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। द्वितीय सत्र में भाजपा के इतिहास व विकास पर भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गाडरी ने प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में संगठनात्मक कार्यों का विस्तार एवं कार्य पद्धति पर जिला महामंत्री रघु शर्मा ने रणनीति बताई।शिविर के चतुर्थ सत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं संबंधी जानकारी दी गयी। पंचम सत्र में सोशल मीडिया एवं आईटी विषय पर नंदकिशोर लोहार द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग एवं प्रचार-प्रसार की तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही छठे सत्र में बूथ प्रबंधन पर देवी सिंह राणावत ने चुनावी दृष्टिकोण से बूथ को मजबूत करने तथा सातवें व्यवहारिक सत्र में कार्यकर्ताओं को वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने संबंधी तकनीक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया गया।

## एक किश्त में मिला परिवार को सहाराः डाक जीवन बीमा ने दिया 10.52 लाख का सुरक्षा कवच

### ब्यावर में अधीक्षक डाकघर ने त्वरित स्वीकृति देकर नोमिनी को सौंपा चैक, 'डाक सेवा-जन सेवा' का उदाहरण बना मामला

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** डाक विभाग द्वारा आमजन की सुरक्षा और विश्वास को मजबूत करने का एक मार्मिक उदाहरण सामने आया है। अधीक्षक डाकघर, ब्यावर मण्डल कमलेश प्रजापत ने डाक जीवन बीमा के एक मृत्यु दावे का त्वरित निपटान करते हुए स्व. हेमराज चौधरी की नोमिनी अनीता को ?10,52,000 (दस लाख बावन हजार रुपये) का चैक सौंपा जानकारी के अनुसार, स्व. हेमराज चौधरी ने जून 2024 में 10 लाख रुपये की डाक जीवन बीमा पॉलिसी ली थी, जिसका मासिक प्रीमियम मात्र ?5800 था। दुर्भाग्यवश उनके निधन के बाद विभाग ने तत्परता दिखाते हुए केवल एक किश्त जमा होने के बावजूद परिजनों को पूरी बीमा राशि के साथ बोनस सहित भुगतान कर आर्थिक संबल प्रदान किया।



यह घटना 'डाक सेवा-जन सेवा' के सिद्धांत को साकार करती है, जहां विभाग ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए शोकाकुल परिवार को समय पर सहायता पहुंचाई उल्लेखनीय है कि डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाएं कम प्रीमियम में अधिक बोनस और आयकर छूट जैसी सुविधाएं प्रदान करती हैं। पहले ये योजनाएं केवल सरकारी और अर्धसरकारी कर्मचारियों तक सीमित थीं, लेकिन अब इनके दायरे का विस्तार कर स्नातक डिग्रीधारी व्यक्तियों को भी शामिल किया गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाला कोई भी नागरिक ग्रामीण डाक जीवन बीमा का लाभ उठा सकता है डाक विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाएं इस अवसर पर सहायक अधीक्षक मुख्यालय बाबूलाल मीणा एवं सीपीसी इन्चार्ज विकास प्रजापति भी उपस्थित रहे।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री






श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# राजस्थान दिवस

(भारतीय नववर्ष - चैत्र शुक्ल प्रतिपदा)

पर

## प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### 207 नवीन रोडवेज बसों की रवानगी

19 मार्च, 2026 | प्रातः 8:30 बजे
बस टर्मिनल, अजमेर रोड, जयपुर

मुख्य अतिथि
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं वार्ड अभियान का शुभारम्भ

19 मार्च, 2026 | प्रातः 11:30 बजे
मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइंस, जयपुर

## प्रगति पथ पर बढ़ता राजस्थान

### देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**
2.18 करोड़ पॉलिसियां

**पीएम-कुसुम योजना**
कम्पोनेन्ट- ए एवं सी

**जनजाति कल्याण एवं सशक्तीकरण**
धरती आबा जनभागीदारी अभियान में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट

**फार्मर रजिस्ट्री योजना**
लाभार्थी ID निर्माण

**स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025**
लक्षित इकाइयों का रूपांतरण

सहित 13 योजनाओं में देश में प्रथम

### देश में द्वितीय

**कृषि विभाग**
प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण

**पीएम विश्वकर्मा योजना**
ऋण स्वीकृति एवं वितरण

**पीएम कृषि सिंचाई योजना- "पर ड्रॉप - मोर क्रॉप"**
1.31 लाख हेक्टेयर माइक्रो इरिगेशन स्थापना

**राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार**
श्रेष्ठ डेयरी कोऑपरेटिव सोसायटी
श्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन

**पोषण माह 2025 गतिविधियों में**

### देश में तृतीय

**पीएम - कुसुम योजना**
कम्पोनेंट-B एवं C-FLS

**जल संचय जनभागीदारी 1.0 अभियान**
कार्य क्रियान्वयन के आधार पर

**आयुष्मान भारत (PM-JAY)**
क्लेम सेटलमेंट एवं हॉस्पिटल एम्पैनलमेंट

**टीबी मुक्त ग्राम पंचायत**
घोषित करने एवं 100 दिवसीय कैम्पेन

**एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम**
क्रियान्वयन श्रेणी

सहित 6 योजनाओं में देश में तृतीय

## प्रगति निरंतर - आंकड़ों की जुबानी

5 साल 2018-2023 बनाम 25 माह 2024 - मार्च, 2026

| | कौशल प्रशिक्षण (लाख) | फार्म पौण्ड (खेत तलाई) | ओडीएफ प्लस गाँव | निर्मित नवीन सड़कों की लम्बाई (किमी.) | सड़कों से जोड़े गए गाँव | नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु आवंटित भूमि (हेक्टेयर) | बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि (मेगावाट) | बालिका प्रोत्साहन योजना में लाभान्वित | कुसुम घटक 'ए' में जारी एलओए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 2.35 | 29,430 | 1,478 | 13,160 | 1,104 | 22,597 | 3,952 | 2,92,507 | 489 |
| अब | 3.41 | 35,368 | 41,037 | 16,864 | 1,717 | 98,894 | 8,261 | 3,14,530 | 2,911 |

| | स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट / लेपटॉप वितरण | छात्राओं को स्कूटी वितरित | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना | राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण | स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण (लाख) | नवीन राजस्व ग्रामों का सृजन | सैटेलाइट अस्पताल की स्थापना | किसानों को तारबंदी पर दी राशि (करोड़) | कुसुम घटक 'सी' में जारी एलओए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 986 | 21,136 | 5 | 57 | 10.36 | 1,517 | 10 | 113 | 57 |
| अब | 88,724 | 41,820 | 21 | 185 | 11.31 | 2,294 | 18 | 403 | 2,064 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद